@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/ qaumipatrika

कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

बुधवार, 14 जनवरी 2026

VISIT: www.qaumipatrika.in Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 71 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

अब 10 मिनट में नहीं होगी डिलीवरी

● श्रम मंत्री के दखल के बाद क्विक कॉमर्स कंपनियों ने डेडलाइन खत्म की

एजेंसी

नई दिल्ली। क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट ने अपने सभी ब्रांड प्लेटफॉर्म्स और विज्ञापनों से

'10 मिनट में डिलीवरी' का दावा हटा लिया है।केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद ब्लिंकिट ने अपने सभी प्लेटफॉर्म और प्रचार सामग्री से '10 मिनट में डिलीवरी' का टैग हटा दिया है। डिलीवरी पार्टनर्स की सुरक्षा और उन पर बढ़ते मानसिक दबाव को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। सरकार के साथ हुई बैठक में स्विगी, जोमैटो और जेप्टो जैसी प्रमुख फूड और क्विक कॉमर्स कंपनियों ने भी यह भरोसा दिलाया कि वे आगे से ग्राहकों को किसी तय समय सीमा में डिलीवरी का वादा नहीं करेंगी। हाल ही में केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने इन कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की थी। इसमें डिलीवरी पार्टनर्स पर पड़ने वाले दबाव, ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन और बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि सख्त समय सीमा की वजह से राइडर्स जोखिम उठाने को मजबूर होते हैं।

बैठक के बाद कंपनियों ने सरकार को आश्वस्त किया कि वे अपने ऐप, लोगो और सोशल मीडिया प्रचार से 'टाइम-बाउंड डिलीवरी' जैसे दावों को हटा देंगी। ब्लिंकिट ने इसकी शुरुआत करते हुए अपने प्लेटफॉर्म से 10 मिनट डिलीवरी का उल्लेख हटाना शुरू कर दिया है।

कंपनियों का कहना है कि अब उनका फोकस तय समय सीमा की बजाय सुरक्षित और तेज डिलीवरी पर रहेगा, ताकि डिलीवरी पार्टनर्स की सुरक्षा से कोई समझौता न हो

'10-मिनट डिलीवरी' ब्रांडिंग हटाने पर राघव चड्ढा ने केंद्र का आभार जताया

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से '10-मिनट डिलीवरी' ब्रांडिंग को हटाने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम डिलीवरी राइडर्स और सड़कों पर चलने वाले सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करेगा। सांसद राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'सत्यमेव जयते। साथ मिलकर हमने जीत हासिल की है। मैं केंद्र सरकार का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से '10-मिनट डिलीवरी' ब्रांडिंग को हटाने के लिए समय पर निर्णायक और संवेदनशील कदम उठाया। यह एक बहुत जरूरी कदम था, क्योंकि जब राइडर की टी-शर्ट, जैकेट और बैग पर '10 मिनट' लिखा होता है और ग्राहक की स्क्रीन पर टाइमर चलता है तो दबाव असली, लगातार और खतरनाक होता है।' उन्होंने आगे लिखा, 'पिछले कुछ महीनों में मैंने सैकड़ों गिग वर्कर्स से बात की है। उनमें से कई ज्यादा काम करते हैं, कम पैसे मिलते हैं और एक अवास्तविक वादे को पूरा करने के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं। मैं हर उस नागरिक को धन्यवाद देता हूं जो हमारे साथ खड़ा रहा। आप इंसान की जिंदगी, सुरक्षा और गरिमा के पक्ष में मजबूती से खड़े रहे।' उन्होंने गिग वर्कर्स से कहा, 'आप अकेले नहीं हैं, हम सब आपके साथ हैं।'

कुत्तों के काटने पर मुआवजा देना होगा

● डॉग लवर्स की जिम्मेदारी होगी तय: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

श्रीनगर। नई दिल्ली । कुत्तों के काटने पर मौत या चोट के लिए मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा, डॉग लवर्स की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणियां की। अदालत ने कहा कि वह कुत्तों के काटने पर मौत या चोट के लिए राज्य सरकारों पर मुआवजा तय करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मामले में सुनवाई के दौरान आवारा कुत्तों को खुले में खाना खिलाने वालों के रवैये पर सवाल खड़ा किए। कोर्ट ने कहा कि क्या उनके जज्बात सिर्फ कुतों के लिए है , इंसान के लिए नहीं है। कोर्ट ने पूछा कि अगर किसी आवारा कुत्ते के हमले में नौ साल के बच्चे की मौत हो जाती है, तो इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों में पाए जाने वाले वायरस का जिक्र किया और कहा, 'जब बाघ आवारा कुत्तों पर हमला करके खाते हैं, उन्हें डिस्टेंपर की बीमारी हो जाती है और

आखिरकार वे मर जाते हैं।' सीनियर एडवोकेट विकास सिंह ने दलील दी कि इस मामले को कुत्ते बनाम इंसान के मुद्दे के तौर पर नहीं देखना चाहिए, बल्कि इसे जानवर बनाम इंसान का मुद्दा देखना चाहिए। पिछले साल सांप के काटने से 50 हजार लोगों की मौत हुई थी। बंदरों के काटने के मामले भी होते हैं। चूहे कंट्रोल करने के लिए भी कुत्ते जरूरी हैं। इसलिए इकोसिस्टम को बैलेंस करना होगा। मेनका गुरुस्वामी ने तर्क दिया कि आवारा कुत्तों को मारने से उनकी आबादी कम नहीं होगी, और नसबंदी ही एकमात्र प्रभावी समाधान है। उन्होंने

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'हर कुत्ते के काटने और हर मौत पर हम राज्यों पर जरूरी इंतजाम न करने के लिए भारी मुआवजा तय करेंगे। कुत्तों को खाना खिलाने वालों पर भी जिम्मेदारी तय करेंगे। आप उन्हें अपने घर ले जाएं और वहां रखें। उन्हें घूमने, काटने, पीछा करने की इजाजत क्यों दी जानी चाहिए? कुत्ते के काटने का असर जिंदगी भर रहता है।'

कहा कि अगर रेगुलेटर ने अपना काम ठीक से किया होता, तो आज हम इस स्थिति का सामना नहीं कर रहे होते। कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यह कोर्ट की कार्यवाही के बजाय एक पब्लिक प्लेटफॉर्म बन गया है।

जम्मू-कश्मीर टेररिज्म से टूरिज्म की ओर

● 31 आतंकी हुए ढेर: आर्मी चीफ

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति संवेदनशील है लेकिन पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में यहां 31 आतंकवादी मारे गए, जिनमें से 65 प्रतिशत पाकिस्तानी मूल के आतंकी थे। यहां मारे गए आतंकियों में पहलगाम हमले के तीनों मुख्य अपराधी भी शामिल हैं। ये आतंकी जम्मू कश्मीर में शुरू किए गए ऑपरेशन 'महादेव' में मारे गए थे। मंगलवार को दिल्ली में एक वार्षिक प्रेसवार्ता में जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि जम्मू कश्मीर में अब स्थानीय सक्रिय आतंकवादी न के बराबर है। उन्होंने बताया कि इनकी संख्या अब एकल अंक (सिंगल डिजिट) में रह गई है। यहां आतंकवादी भर्ती लगभग समाप्त हो चुकी है। सेनाध्यक्ष ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सकारात्मक बदलाव के ये स्पष्ट संकेत मिलते हैं। जम्मू कश्मीर में विकास गतिविधियां, पर्यटन का

फिर से शुरू होना और शांतिपूर्ण श्री अमरनाथ यात्रा मजबूत सकारात्मक बदलावों को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा में इस वर्ष 4 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री आए। जम्मू कश्मीर में टेररिज्म टू टूरिज्म की थीम धीरे-धीरे आकार ले रही है।

सेनाध्यक्ष ने यहां पूर्वोत्तर में, विशेष रूप से मणिपुर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्णायक कार्रवाई तथा सरकार की सक्रिय पहलों के कारण वर्ष 2025 में स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पूर्वोत्तर की प्रमुख उपलब्धियों में शांतिपूर्ण डुरंड कप का आयोजन शामिल हैं। यहां सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे कि शिरुई लिली और संगाई जैसे सांस्कृतिक उत्सवों की वापसी हुई।

सितंबर 2025 में उग्रवादी समूहों के साथ सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस (एसओओ) का नवीनीकरण किया गया। सेनाध्यक्ष ने बताया कि म्यांमार में अस्थिरता के मद्देनजर, असम राइफल्स, भारतीय सेना और गृह मंत्रालय के समन्वय से एक व्यापक बहु-एजेंसी सुरक्षा तंत्र स्थापित किया गया है। यह तंत्र इसलिए है ताकि पूर्वोत्तर को किसी भी प्रकार के सीमा-पार प्रभाव से सुरक्षित रखा जा सके। म्यांमार में चुनावों के सफल आयोजन के बाद आपसी सहयोग और प्रभावी होने की संभावना जताई गई। थल सेनाध्यक्ष ने बताया कि भारतीय सेना ने वर्ष 2025 में दो पड़ोसी देशों और देश के 10 राज्यों में मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियानों को अंजाम दिया। इन अभियानों में 30,000 से अधिक लोगों को बचाया गया। वहीं पंजाब में बाढ़ के दौरान पटियाला में ढहती इमारत से सीआरपीएफ कर्मियों को सेना के हेलीकॉप्टर द्वारा बचाने की साहसिक कार्रवाई का विशेष उल्लेख किया गया। इस कार्रवाई ने सेना की त्वरित प्रतिक्रिया और मानवीय प्रतिबद्धता को दर्शाया।

भगवंत मान सरकार द्वारा सहकारी हाउसिंग सोसायटियों में संपत्ति अधिकारों की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक सुधार प्रस्तुत

कौमी पत्रिका

चंडीगढ़, 13 जनवरी। संपत्ति अधिकारों की रक्षा और लंबे समय से चली आ रही कानूनी अनिश्चितता को दूर करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक फैसले में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने सहकारी हाउसिंग सोसायटियों में रहने वाले निवासियों के हित में बड़े नागरिक-केंद्रित सुधार प्रस्तुत किए हैं। मुख्यमंत्री, जिनके पास सहकारिता विभाग भी है, के निर्देशों के अनुरूप सरकार ने सहकारी हाउसिंग संपत्तियों के पंजीकरण को किफायती, सुरक्षित और कानूनी रूप से मजबूत बनाने हेतु व्यापक ढांचे को मंजूरी दी है। साथ ही राज्य के लिए स्टांप ड्यूटी की वैध वसूली भी सुनिश्चित की गई है। इस फैसले का विवरण साझा करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब सरकार ने सहकारी हाउसिंग सोसायटियों में संपत्ति के हस्तांतरण को कानूनी रूप देने के लिए दूरगामी कदम उठाए हैं। इनमें से अनेक सोसायटियां दशकों से बिना पंजीकरण के रही हैं। प्रवक्ता ने कहा, मुख्यमंत्री ने कई सुधारों को मंजूरी दी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सहकारी हाउसिंग सोसायटियों में संपत्ति के हस्तांतरण औपचारिक रूप से पंजीकृत हों, कानूनी रूप से सुरक्षित हों और नागरिकों के लिए

वित्तीय रूप से लाभकारी भी हों। साथ ही राज्य के राजस्व हितों की भी रक्षा हो सके। मुख्य प्रस्तावों का विवरण देते हुए प्रवक्ता ने बताया कि सहकारी हाउसिंग सोसायटियों द्वारा उनके मूल सदस्यों के पक्ष में किए गए मूल आवंटन के दस्तावेजों को स्टांप ड्यूटी से पूर्णतः मुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया, ऐसी रजिस्ट्रेशनों को घोषित मूल्य पर केवल एक मामूली पंजीकरण शुल्क के साथ अनुमति दी जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा परिभाषित और अधिसूचित अनुसार यह छूट कानूनी वारिसों, जीवनसाथी और पात्र पारिवारिक सदस्यों को भी दी गई है, ताकि वास्तविक उत्तराधिकार के मामलों में पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। हजारों परिवारों को अपने घरों के लिए स्पष्ट कानूनी स्वामित्व प्राप्त करने में सक्षम बनाने हेतु सरकार ने 12 जनवरी, 2026 को अधिसूचित गैर-मूल आवंटियों और ट्रांसफर मामलों के लिए अत्यंत रियायती, समयबद्ध स्टांप ड्यूटी दरें लागू की हैं। प्रवक्ता ने बताया, इस निर्णय के तहत 31 जनवरी, 2026 तक पूर्ण हुई रजिस्ट्रेशनों पर स्टांप ड्यूटी 1 प्रतिशत, 28 फरवरी, 2026 तक की रजिस्ट्रेशनों पर 2 प्रतिशत और 31 मार्च, 2026 तक की रजिस्ट्रेशनों पर 3 प्रतिशत निर्धारित की गई है।

शेष पृष्ठ 3 पर

मशहूर गायक समर हजारिका का निधन

एजेंसी

गुवाहाटी। असम के दिग्गज गायक भूपेन हजारिका के छोटे भाई और मशहूर गायक-संगीतकार समर हजारिका का निधन हो गया है। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। परिवार की ओर से उनके निधन की पुष्टि की गई है। हाल ही में अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद मंगलवार 13 जनवरी को गुवाहाटी के निजारापार स्थित अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। 75 वर्षीय समर हजारिका अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं। उनके निधन से असम की सांस्कृतिक दुनिया में शोक की लहर दौड़ गई है।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने जताया शोक

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने समर हजारिका के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि समर की भावपूर्ण आवाज हर मंच और अवसर को रोशन करती थी। उन्होंने असम के सांस्कृतिक परिदृश्य में अहम योगदान दिया और डॉ. भूपेन हजारिका की विरासत को आगे बढ़ाने

में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि समर हजारिका के जाने से असम ने एक और अनमोल और सुनहरी आवाज खो दी है। उन्होंने दिवंगत कलाकार के परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ओम शांति कहा।

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नितिन नबीन 19 जनवरी को भरेंगे नामांकन

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में एक अहम संगठनात्मक बदलाव होने वाला है, क्योंकि इसके

20 को होगी घोषणा

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन 19 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन फाइल करने वाले हैं। नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावक के तौर पर मौजूद रहने की उम्मीद है, जो पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच नबीन के नेतृत्व में मजबूत समर्थन और विश्वास को दिखाता है। प्रधानमंत्री की मौजूदगी को भाजपा की संगठनात्मक

और वैचारिक दिशा में निरंतरता और स्थिरता पर जोर देने के तौर पर देखा जा रहा है। नामांकन प्रक्रिया भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को चुनने के लिए उसके स्थापित आंतरिक संगठनात्मक ढांचे का हिस्सा है। कई वरिष्ठ नेता, केंद्रीय नेतृत्व के सदस्य और प्रमुख पदाधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं, जिससे यह पार्टी के संगठनात्मक कैलेंडर में एक हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम बन जाएगा।

नामांकन प्रोसेस पूरा होने के बाद, नए भाजपा अध्यक्ष की औपचारिक घोषणा 20 जनवरी को होने वाली है। उम्मीद है कि इस घोषणा से आने वाली चुनावी चुनौतियों से पहले पार्टी के नेतृत्व संरचना के बारे में स्पष्टता मिलेगी और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा की संगठनात्मक रणनीति को आकार मिलेगा। राजनीतिक जानकार इन घटनाक्रमों पर करीब से नजर रख रहे हैं, क्योंकि यह नियुक्ति ऐसे अहम समय पर हो रही है जब भाजपा अपनी संगठनात्मक ताकत को मजबूत करने और अपनी नेतृत्व को लंबे समय के शासन और चुनावी लक्ष्यों के साथ जोड़ने पर ध्यान दे रही है। 20 जनवरी को आधिकारिक घोषणा के बाद और जानकारी सामने आने की उम्मीद है।

बिहार के पांच बार के विधायक नितिन नबीन को 14 दिसंबर को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, लेकिन खरमास (अशुभ समय) के कारण पार्टी अध्यक्ष के तौर पर उनका औपचारिक पदभार ग्रहण रुका हुआ था, जो 14 जनवरी को खत्म हो रहा है।

2027 में हिमाचल में बनेगी भाजपा सरकार : अनुराग ठाकुर

● अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय युवा सम्मेलन कार्यक्रम में शिरकत की

एजेंसी

हरिद्वार। पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को हरिद्वार पहुंचकर राष्ट्रीय युवा सम्मेलन कार्यक्रम में शिरकत की। हर की पैड़ी पहुंचकर उन्होंने गंगा पूजन किया और सायंकालीन आरती में भाग लिया। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बातचीत के दौरान कहा कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश व पंजाब सहित कई राज्यों में भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ आएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश तेजी के साथ तरक्की कर रहा है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। मनरेगा योजना का नाम बदलकर जी राम जी किए जाने पर उन्होंने कहा मनरेगा की जगह केंद्र सरकार जी राम जी विकसित भारत योजना लेकर आई। वह गरीब मजदूर और बेरोजगारों के लिए मनरेगा से बेहतर है, जिसमें 125 दिन मजदूरों को रोजगार मिलेगा और सीधे उनके खाते में पैसा जाएगा। ऐसे में बिचौलियों का कोई काम नहीं होगा।

आतंकियों से रिश्तों पर सख्त कार्रवाई

● सरकार ने 5 कर्मचारियों को किया बर्खास्त

एजेंसी

जम्मू-कश्मीर । जम्मू-कश्मीर में आतंकी संबंधों के आरोप में एलजी मनोज सिन्हा के नेतृत्व वाली सरकार ने पांच सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इनमें शिक्षक, लाइनमैन के साथ ही स्वास्थ्य विभाग का एक ड्राइवर भी शामिल है। बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में शिक्षक मोहम्मद इश्तियाक, प्रयोगशाला तकनीशियन तारिक अहमद शाह, सहायक लाइनमैन बशीर अहमद मीर, वन विभाग में फील्ड वर्कर फारूक अहमद भट और स्वास्थ्य विभाग में ड्राइवर मोहम्मद यूसुफ शामिल हैं। मोहम्मद इश्तियाक एक शिक्षक था और उसे रेहबर-ए-तालीम के रूप में नियुक्त किया गया था तथा 2013 में उसे शिक्षक के रूप में स्थायी किया गया था। जांचकर्ताओं ने पाया कि वह पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करता था और लश्कर कमांडर मोहम्मद अमीन उर्फ अबू खुबैब, जो भारत सरकार द्वारा नामित एक व्यक्तिगत

आतंकवादी है और पाकिस्तान से काम करता है, उसके साथ नियमित संपर्क में था। अप्रैल 2022 में उसे जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मरीन में एक घटना को अंजाम देने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। उसके साथी से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया था। लैब टेक्नीशियन तारिक अहमद राह को 2011 में एक संविदा लैब टेक्नीशियन के रूप में नियुक्त किया गया था और 2016 में सब-डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल, बिजबेहरा, अनंतनाग में स्थायी किया गया था। वह शुरू में हिजबुल मुजाहिदीन के प्रभाव में आया। तारिक के लिंक उसके चाचा अमीन बाबा के 2005 में पाकिस्तान भागने की राज्य जांच एजेंसी की जांच के दौरान सामने आए। तारिक ने अमीन बाबा को अनंतनाग में रहने की सुविधा दी और अटारी-वाघा सीमा तक उसके परिवहन की व्यवस्था की। सूत्रों ने बताया, 'तारिक ने एक वांछित आतंकवादी के देश से बाहर निकलने को सुनिश्चित किया, जिससे अमीन बाबा इस्लामाबाद पहुंचा और वहां आतंकियों को प्रशिक्षण देने में सफल हुआ।' सहायक लाइनमैन बशीर अहमद मीर 1988 में पीएचई में शामिल हुआ और 1996 में नियमित हुआ। अपनी भूमिका के बावजूद, वह गुरेज, बांदीपोरा में लश्कर-ए-तैयबा का एक सक्रिय ऑन-ग्राउंड वर्कर बन गया, जो आतंकवादी गतिविधियों का मार्गदर्शन करता था, लॉजिस्टिक्स और पनाह देता था तथा सुरक्षा बलों की जानकारी साझा करता था।

उसकी भूमिका सितंबर 2021 में सामने आई, जब पुलिस ने इनपुट के आधार पर उसके घर पर एक एंटी-टेरर ऑपरेशन चलाया, जिसमें दो लश्कर आतंकवादियों को मार गिराया गया और दो एके-47 व गोला-बारूद बरामद किए गए। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। वन विभाग के फील्ड वर्कर फारूक अहमद भट ने पहले अनंतनाग में काम किया और हिजबुल मुजाहिदीन का सक्रिय रूप से समर्थन किया।

कांग्रेस का 'मनरेगा बचाओ संग्राम' तेज, जयराम रमेश ने लोगों से आंदोलन में जुड़ने का आह्वान किया

एजेंसी

नई दिल्ली । कांग्रेस विकसित भारत-जी राम जी बिल (वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025) का विरोध कर रही है, जिसे केंद्र सरकार

● यह बिल दिसंबर 2025 में संसद से पास हुआ और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बन गया।

ने मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) की जगह लाकर पारित किया है। इस बीच कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और लोगों से इस अधिनियम के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। यह बिल दिसंबर 2025 में संसद से पास हुआ और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बन गया। कांग्रेस का आरोप है कि यह मनरेगा को कमजोर करता है और ग्रामीण मजदूरों के संवैधानिक अधिकारों पर हमला है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कर

लिखा, 'मनरेगा बचाओ संग्राम देश के 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और करोड़ों लोगों तक पहुंच रहा है। भारत के करोड़ों लोगों की जीवनरेखा बन चुकी मनरेगा योजना पर सरकार ने बुलडोजर चला दिया है। इसी के खिलाफ यह देशव्यापी संघर्ष काम के अधिकार, मजदूरी के अधिकार और जवाबदेही के संवैधानिक अधिकार की बहाली के लिए है। आप भी इस आंदोलन से जुड़िए।' यह पोस्ट कांग्रेस के 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान का हिस्सा है, जो 10 जनवरी 2026 से शुरू हुआ और 25 फरवरी तक चलेगा। पार्टी ने संसद से पंचायत स्तर तक विरोध की योजना बनाई है, जिसमें चौपाल, रैलियां, उपवास और जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। कांग्रेस ने एक समन्वय समिति भी गठित की है, जिसमें अजय माकन संयोजक हैं और जयराम रमेश जैसे नेता शामिल हैं। कांग्रेस का कहना है कि 'विकसित भारत-जी राम जी' बिल में रोजगार की गारंटी सिर्फ नाम की है। मनरेगा में 100 दिनों का काम कानूनी हक था, केंद्र 90 प्रतिशत फंड देता था और पंचायतों को काम तय करने का अधिकार था।

केरल की पूर्व माकपा विधायक पी. आयशा पोट्टी कांग्रेस में शामिल

तिरुवनंतपुरम। केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की वरिष्ठ नेता एवं कोट्टारक्कारा विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रह चुकीं पी. आयशा पोट्टी मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सन्नी जोसेफ ने यहां आयोजित धरना-प्रदर्शन स्थल पर पोट्टी को औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार नेता प्रतिपक्ष सतीशन के साथ हुई बैठक में अपनी मांगें माने जाने के बाद पोट्टी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का फैसला लिया। उनकी मांग थी कि आगामी विधानसभा चुनाव में कोट्टारक्कारा विधानसभा क्षेत्र से उन्हें पार्टी का उम्मीदवार बनाया जाए।

चार साल में 3 राज्यों में ईडी चुनाव से कुछ समय पहले कर चुकी है बड़ी कार्रवाई

–पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले ईडी की बढ़ती सक्रियता को लेकर उठे सवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले ईडी की बढ़ती सक्रियता को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। ताजा मामला कोलकाता में आई-पीएसी से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी का है, जिसमें सीएम ममता बनर्जी और ईडी आमने-सामने आ गए हैं। बंगाल में इस साल विधानसभा चुनाव होना हैं। इससे पहले 4 साल में 3 राज्यों झारखंड, दिल्ली, महाराष्ट्र में ऐसा हो चुका है, जब ईडी ने पुराने मामलों में चुनाव से कुछ समय पहले बड़ी कार्रवाई की है।

इस साल बंगाल समेत तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होना हैं। इसके साथ इन राज्यों में ईडी ने पुराने मामलों की फाइलें खोलना शुरू कर दिया है। तमिलनाडु में शराब, रियल एस्टेट और शेल कंपनियों से जुड़े मामले सत्ताधारी डीएमके के लिए परेशानी बन गए हैं। वहीं असम में बीजेपी की सरकार है। विपक्षी कांग्रेस और एआईयूडीएफ से जुड़े नेताओं पर कार्रवाई का डर चुनावी फंडिंग नेटवर्क पर असर डाल रहा है। केरल में सोना तस्करी और सहकारी बैंक मामलों से एलडीएफ सरकार घिरी हुई है। पुडुचेरी में कारोबारी और राजनीतिक गठजोड़ पर एजेंसी की नजर है।

बता दें झारखंड में सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद दबाव बना था। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी ने आप का ताना-बाना बिगाड़ दिया था। महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी से जुड़े मामलों के बीच दल टूटे और सरकारें गिरीं। कई बार चार्जशीट से पहले ही राजनीतिक समीकरण बदल गए। हालांकि इडी का कहना है कि उसका काम केवल कानून के तहत जांच करना है, चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम बंगाल में आई-पीएसी मामला 5 साल पुराना, लेकिन पहला छापा चुनाव से 2-3 महीने पहले मारा गया। ईडी ने कोयला तस्करी से जुड़े 2,742 करोड़ के मनी-लॉन्डरिंग मामले के तहत 8 जनवरी को इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पीएसी) के कार्यालय और निर्देशक प्रतीक जैन के घर छापेमारी की थी। सीबीआई ने इस मामले में 27 नवंबर 2020 को एफआईआर दर्ज की थी। ईडी ने 28 नवंबर 2020 को इसकी जांच शुरू की थी। यह मामला अब 5वें साल में है, लेकिन कार्रवाई ठीक उस वक्त सामने आई, जब बंगाल में मार्च-अप्रैल 2026 में चुनाव होने हैं।

आई-पीएसी भारत की पॉलिटिकल कंसल्टेंसी कंपनी है, जो राजनीतिक दलों के लिए बड़े स्तर पर चुनावी अभियानों का काम करती है। आरोप है कि 20 करोड़ हवाला के जरिए आई-पीएसी तक ट्रांसफर हुए। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि राज्य सरकार ने जांच में बाधा डाली और सबूत नष्ट किए। दिल्ली में 2022 के मामले में 2024 में सीएम अरेस्ट हुए, 2025 में चुनाव थे। 2022 में शराब नीति मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में सीबीआई और ईडी जांच की शुरुआत हुई। फरवरी 2023 में इस मामले में मनीष सिसोदिया और मार्च 2024 में तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई। फरवरी 2025 में विधानसभा चुनाव हुए और बीजेपी सत्ता पर काबिज हो गई।

वहीं झारखंड में अगस्त 2023 में ईडी ने भूमि और मनी-लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया। दिसंबर में पूछताछ हुई। जनवरी 2024 में ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को इस मामले में गिरफ्तार कर

लिया। इसके बाद उन्हें अपना सीएम पद छोड़ना पड़ा था। नवंबर 2024 में चुनाव हुए। हालांकि, हेमंत सोरेन की पार्टी जीती और वे फिर सीएम बन गए।

महाराष्ट्र में 2021 के मामले में 3 साल बाद चुनाव से 6 दिन पहले छापेमारी की। 14 नवंबर 2024 को ईडी ने महाराष्ट्र और गुजरात में 23 स्थानों पर छापेमारी की और व्यापारी सिराज अहमद हारुन मेमन से जुड़े 125 करोड़ रुपए के मनी-लॉन्ड्रिंग और चुनावी फंडिंग ट्रेल को खंगाला। 20 नवंबर 2024 को चुनाव से छह दिन पहले इस मामले में विपक्षी दलों पर नोट और वोट जिहाद के आरोप लगे। इस चुनाव में बीजेपी ने जी हासिल की।

डिजिटल अरेस्ट से जुड़े मामलों की जांच करेगी सीबीआई, सरकार ने पेश की स्टेटस रिपोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। डिजिटल अरेस्ट से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिए गए स्वतः संज्ञान मामले में केंद्र सरकार ने अपनी स्टेटस रिपोर्ट पेश कर दी है। केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया है कि डिजिटल अरेस्ट के मामलों की गंभीरता को देखते हुए जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इसके लिए एक ठोस, समन्वित योजना बनाई जा रही है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि कोर्ट के 16 दिसंबर 2025 के आदेश के मुताबिक दिल्ली पुलिस की एफआईआर को अब सीबीआई को सौंप दिया गया है। इसके बाद सीबीआई ने 9 जनवरी को इस मामले में नई एफआईआर दर्ज की है। इसका उद्देश्य डिजिटल अरेस्ट से जुड़े नेटवर्क और अपराध के पूरे ढांचे की गहराई से जांच करना है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्टेटस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत गृह मंत्रालय ने डिजिटल अरेस्ट की समस्या से निपटने के लिए एक हाई–लेवल इंटर–डिपार्टमेंटल कमेटी का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता गृह मंत्रालय में आंतरिक सुरक्षा के विशेष सचिव कर रहे हैं। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, विदेश मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, कानून मंत्रालय, उपभोक्ता मामले मंत्रालय, आरबीआई, सीबीआई, एनआईए, दिल्ली पुलिस और इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक समिति की पहली बैठक 29 दिसंबर को हुई थी, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और एमिकस क्यूरी के सुझावों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके बाद 2 जनवरी को एमिकस क्यूरी के साथ एक विशेष बैठक हुई, जिसमें दूरसंचार विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, आरबीआई और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के प्रतिनिधि शामिल थे। वहीं, 6 जनवरी को आईटी इंटरमीडियरीज जैसे गूगल, व्हाट्सऐप, टेलीग्राम और माइक्रोसॉफ्ट के साथ भी बैठक की गई। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि सभी विभागों से सुझाव लेकर एक ठोस और व्यापक योजना तैयार करने के लिए उसे कम से कम एक महीने का समय दिया जाए, ताकि डिजिटल अरेस्ट जैसी गंभीर समस्या से प्रभावी तरीके से निपटा जा सके।

उत्तरप्रदेश में 15 जनवरी को मकर संक्रांति का अवकाश... योगी सरकार का ऐलान

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश सरकार ने मकर संक्रांति 2026 के मौके पर 15 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जारी अधिसूचना के अनुसार, सभी सरकारी कार्यालय, स्कूल और राज्य संचालित संस्थान में 15 को अवकाश रहेगा। आमतौर पर मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाई जाती है, लेकिन इस वर्ष सूर्य देव 14 को दोपहर 3ः13 बजे मकर राशि में प्रवेश कर रहे है। चूंकि संक्रांति के धार्मिक अनुष्ठान प्रायः सुबह होते हैं, इसलिए सही शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए 15 जनवरी को पुण्यकाल सूर्योदय से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। इस मौके पर प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, उन्नाव, मेरठ और बिजनौर सहित उत्तर प्रदेश के प्रमुख गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। लोग गंगा और सरयू में पवित्र स्नान और दान करने वाले है। इसी तरह, ऋषिकेश और हरिद्वार में भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिलेगी। मकर संक्रांति को खिचड़ी त्यौहार के रूप में भी जाना जाता है और इस सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के दिन मनाया जाता है। इस बार शुभ मुहूर्त और धार्मिक परंपराओं के आधार पर 15 जनवरी को उत्सव मनाना उचित माना गया है।

अब्बास अंसारी को बड़ी राहत देकर सुप्रीम कोर्ट ने नियमित जमानत मंजूर की

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के विधायक और माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को बड़ी राहत देकर गैंगस्टर एक्ट के मामले में नियमित जमानत मंजूर कर ली है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने उनकी अंतरिम जमानत को स्थायी किया। इससे पहले कोर्ट ने मार्च 2024 में उन्हें अंतरिम जमानत दी थी और सितंबर 2024 में जमानत की कुछ शर्तों में ढील भी दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि अंसारी के सार्वजनिक रूप से बोलने पर कोई पूर्ण प्रतिबंध नहीं है। अंसारी जनप्रतिनिधि होने के नाते वे सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर अपनी बात रख सकते हैं, लेकिन अपने खिलाफ चल रहे विचाराधीन मामलों पर सार्वजनिक टिप्पणी नहीं कर सकते है। कोर्ट ने अनुमति दी थी कि वे लखनऊ स्थित अपने पुराने पते के बजाय किसी अन्य स्थान पर रह सकते हैं, बशर्ते इसकी सूचना यूपी पुलिस और निचली अदालत को दी जाए। अब्बास अंसारी पर अगस्त 2024 में मारपीट और जबरन वसूली के आरोपों के तहत उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एंड एंटी–सोशल एक्टिविटीज (प्रिवेंशन) एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। इससे पहले वे अन्य आपराधिक मामलों में पहले ही जमानत पा चुके थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिसंबर 2024 में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उन्हें बड़ी कानूनी राहत मिली है।

डिलीवरी बॉय से बदसलूकी का वीडियो वायरल, स्टोर मालिक पर केस दर्ज

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्वी दिल्ली के ओल्ड कोंडली इलाके में एक क्विक–कॉमर्स प्लेटफॉर्म के लिए काम करने वाले 18 वर्षीय डिलीवरी बॉय के साथ दुकान मालिक द्वारा की गई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। आरोप है कि डिलीवरी बॉय ने दुकान से परफ्यूम निकालकर खुद पर छिड़क लिया था, जिससे नाराज होकर स्टोर मालिक ने उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया। पीड़ित की पहचान ओल्ड कोंडली निवासी ऋषा कुमार के रूप में हुई है, जो जेप्टो कंपनी में डिलीवरी बॉय के तौर पर काम करता है। वायरल वीडियो के मुताबिक, 6 जनवरी की इस घटना में स्टोर मालिक ने पहले ऋषा कुमार को दुकान में ही फ्रमुर्गाफ्र बनाकर खड़ा रखा और बाद में सबके सामने उसे कई थप्पड़ मारे। यह पूरी घटना दुकान में मौजूद लोगों के सामने हुई, जिसका 43 सेकंड का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस स्टोर मालिक से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की जांच जारी है। डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि ऋषा कुमार उर्फ लाला बाबू अपने परिवार के साथ हरिजन बस्ती, ओल्ड कोंडली में रहता है और गिग वर्कर के रूप में काम करता है। इस घटना को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आई हैं। इंडियन यूथ कांग्रेस और दिल्ली यूथ कांग्रेस ने वीडियो को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा कर शर्मनाक बताकर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि हाल ही में केंद्र सरकार ने 4 जनवरी 2026 को ड्राफ्ट सोशल सिक्योरिटी रूल्स जारी किए हैं। इन नियमों के लागू होने से गिग वर्कर्स को जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी घटनाएं गिग वर्कर्स की सुरक्षा और सम्मान को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

केंद्र ने एनआईए को सौंपी अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़े मामलों की जांच

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़े मामलों की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के हाथों में सौंप दी है। यह मामला दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल से एनआईए को स्थानातंरित किया है। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए भारत में बांग्लादेशी नागरिकों की अवैध घुसपैठ कराने वाले पूरे नेटवर्क, उसके ऑपरेटर्स और मनी ट्रेल की गहराई से जांच करेगी। एजेंसी इस मामले में जल्द एक नई एफआईआर भी दर्ज कर सकती है। दरअसल यह कार्रवाई केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर की गई है, इसके बाद देशभर में अवैध घुसपैठ के खिलाफ सख्ती बढ़ाई गई है। जांच एजेंसियों का फोकस उन संगठित सिंडिकेट्स पर है, जो बांग्लादेशी घुसपैठियों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश दिलाने, ठहराने और उन्हें फर्जी दस्तावेज उपलब्ध करने की साजिश में लगे हुए है। सूत्रों ने बताया कि जांच के दायरे में फर्जी आधार कार्ड, वोटर आईडी और अन्य पहचान पत्र बनवाने वाला पूरा नेटवर्क है।

इन दस्तावेजों के द्वारा घुसपैठियों को भारतीय नागरिक सुविधाएं और वोटिंग का अधिकार दिलाने की कोशिश की जाती है, बहुत हद तक सिंडिकेट को इसमें सफलता भी मिल जाती है। इसके लिए संगठित गिरोहों द्वारा मोटी रकम वसूली जाती है, जिसकी मनी ट्रेल की जांच एनआईए करेगी। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने मामले में पहले एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें आपराधिक साजिश, जालसाजी और विदेशी अधिनियम से जुड़ी धाराएं लगाई गई थीं। खुफिया इनपुट के आधार पर कई राज्यों में गिरफ्तारियां भी की गई हैं, जिससे यह साफ हुआ कि यह नेटवर्क सिर्फ एक राज्य तक सीमित नहीं है।

फडणवीस के बयान पर संजय राउत का पलटवार... मराठी मानुष को ठाकरे परिवार से नहीं, भाजपा से खतरा

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बयान पर तीखा पलटवार कर कहा है कि मराठी मानुष को ठाकरे परिवार से नहीं, बल्कि भाजपा से खतरा है। सीएम फडणवीस द्वारा ठाकरे बंधुओं के ÷अस्तित्व खतरे में÷ होने की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देकर राउत ने कहा कि मुख्यमंत्री को ठाकरे परिवार की नहीं, बल्कि अपनी राजनीति की चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ठाकरे परिवार किसी भी तरह की धमकियों का सामना करने में सक्षम है और डरने वाला नहीं है।

दरअसल प्रेसवार्ता में सांसद संजय राउत ने कहा, 'देवेंद्र भाऊ, हमारी चिंता मत कीजिए। हम आपकी तरह डरे हुए नहीं हैं। हम न फर्जी मतदाता सूची बनाते हैं और न ही चुनाव जीतने के लिए पैसा बांटते हैं।' राउत ने आरोप लगाया कि भाजपा ही मराठी मानुष के अस्तित्व के लिए खतरा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि 'भूमिपुत्र' का मुद्दा बीते 60 वर्षों से महाराष्ट्र में प्रासंगिक रहा है और यह केवल ठाकरे बंधुओं का नहीं, बल्कि पूरे मराठी समाज का सवाल है। राउत ने कहा कि शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे ने ही भाजपा को महाराष्ट्र में मजबूती दी। यदि बालासाहेब न होते, तब भाजपा को कोई नहीं जानता। उन्होंने आरोप लगाया कि फडणवीस द्वारा ठाकरे बंधुओं पर सवाल उठाना, दरअसल बालासाहेब ठाकरे को चुनौती देने जैसा है।

इसके पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवाजी पार्क में संयुक्त रैली को संबोधित कर ठाकरे बंधुओं पर हमला बोला था। फडणवीस ने सवाल किया था कि यदि मराठी मानुष खतरे में है, तब पिछले 30 वर्षों में ठाकरे बंधुओं ने उसके लिए क्या किया। उन्होंने दावा किया कि मराठी मानुष का नहीं, बल्कि ठाकरे बंधुओं का अस्तित्व खतरे में है और बीएमसी का नया मेयर महायुति से, हिंदू और मराठी होगा।

अगर कुत्ते के काटने से कोई मौत या घायल होता है तो सरकार पर होगा मुआवजा तय

–सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले पर सुनवाई करते हुए की अहम टिप्पणी

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले पर मंगलवार को अहम टिप्पणी की। बेंच ने चेतावनी दी कि अगर किसी कुत्ते के काटने से कोई मौत होती है या कोई घायल होता हैं, तो राज्य सरकार पर हर ऐसे मामले के लिए मुआवजा तय किया जाएगा, क्योंकि उन्होंने कुछ नहीं किया। जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि जो लोग कुत्तों को खाना खिलाने का दावा करते हैं, उन्हें भी जवाबदेह ठहराया जाएगा। बेंच ने पूछा कि अगर आप कुत्तों को इतना चाहते हैं तो इन्हें अपने घर ले जाइए। कुत्ते सड़कों पर क्यों घूमें, लोगों को काटें और डराएं?



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी के उस बयान के जवाब में आई, जिन्होंने कहा था कि आवारा कुत्तों का मुद्दा भावनात्मक है। बेंच ने उनसे कहा कि भावनाएं अब तक सिर्फ कुत्तों के लिए ही लग रही हैं। इस पर गुरुस्वामी ने जवाब दिया कि ऐसा नहीं है। मैं इंसानों के बारे में भी उतना ही चिंतित हूं। कुत्ते के काटने की शिकार एक महिला ने भी कोर्ट में अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि मैं इस बात से सहमत हूं कि एनिमल बर्थ कंट्रोल कार्यक्रम को सही से लागू करने पर कुत्तों की आक्रामकता और उनकी संख्या को कम करने में मदद मिलेगी, लेकिन मुझे एक कुत्ते ने बिना किसी उकसावे के काट लिया था। महिला ने बेंच को बताया कि वह कुत्ता लंबे समय से क्रूरता का शिकार था। यह डर के कारण होने वाली रक्षात्मक आक्रामकता थी। मैं किसी और के किए हुए कार्यों की सजा भुगत रही थी।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा था कि उसने सड़कों से हर कुत्ते को हटाने का निर्देश नहीं दिया और उसका निर्देश पशु जन्म नियंत्रण नियमों के तहत इन आवारा कुत्तों से निपटने से संबंधित था। आवारा कुत्तों के मामले में दलीलें सुनते हुए कोर्ट ने कहा कि कुत्ते उन लोगों को सूंघ सकते हैं जो या तो उनसे डरते हैं या जिन्हें कुत्ते ने काटा हो और वे ऐसे लोगों पर हमला कर देते हैं। सीनियर वकील ने कहा कि दिल्ली जैसे स्थानों में चूहों का प्रकोप है और दिल्ली में बंदरों से भी एक अनूठी समस्या है। कुत्तों को अचानक हटाने से चूहों की आबादी बढ़ जाएगी, जिसके गंभीर परिणाम होंगे। जज मेहता ने हल्के-फुल्के अंदाज़ में कहा कि कुत्ते और बिल्लियां दुश्मन हैं। बिल्लियां चूहों को मारती हैं। इसलिए हमें बिल्लियों की संख्या बढ़ानी चाहिए।

अंकिता भंडारी हत्याकांडः सरकार ने सीबीआई जांच के लिए भेजा पत्र, पूर्व विधायक नार्को टेस्ट के लिए तैयार

देहरादून (एजेंसी)। अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग और वीआईपी की भूमिका को लेकर जारी विवाद के बीच उत्तराखंड सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। सोमवार को सरकार ने इस संवेदनशील मामले की सीबीआई जांच के लिए औपचारिक पत्र भेज दिया है। वहीं पूर्व विधायक भी नार्को टेस्ट कराने के लिए सहमत हो गए हैं। मुख्यमंत्री के सचिव शैलेश बगौली ने इस कदम की पुष्टि करते हुए बताया कि अंकिता के माता-पिता की भावनाओं और उनकी मांग का सम्मान करते हुए, विशेष रूप से उस वीआईपी की भूमिका की जांच का अनुरोध किया गया है जिसका नाम बार-बार इस प्रकरण में सामने आता रहा है। सरकार द्वारा भेजे गए इस पत्र में हत्याकांड का पूरा ब्योरा दिया गया है और केंद्रीय जांच एजेंसी से गहन पड़ताल का आग्रह किया गया है।

उल्लेखनीय है कि अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह भंडारी और माता सोनी देवी ने हाल ही में देहरादून में मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने वीआईपी की संलिप्तता की जांच सीबीआई से और सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में कराने की गुहार लगाई थी। कानूनी

पहलुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, मुख्यमंत्री ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया कि सरकार अंकिता को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जांच की आंच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं दूसरी ओर, इस मामले से जुड़े एक कथित ऑडियो-वीडियो के वायरल होने के बाद कानूनी शिकंजा कसता नजर आ रहा है। इस प्रकरण में आरोपों के घेरे में आए पूर्व विधायक सुरेश राठौर सोमवार देर रात नेहरू कॉलोनी थाने पहुंचे, जहां पुलिस अधिकारियों ने उनसे लंबी पूछताछ की। पुलिस का मुख्य ध्यान उस ऑडियो क्लिप पर रहा जिसमें कथित तौर पर पूर्व विधायक की आवाज होने का दावा किया जा रहा है। पूछताछ के दौरान राठौर ने स्वीकार किया कि आवाज उनकी हो सकती है, लेकिन उन्होंने तर्क दिया कि उस समय वे पूरी तरह होश में नहीं थे। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों और नींद की दवाओं के सेवन का हवाला देते हुए कहा कि यह बातचीत उनकी सहमति के बिना रिकॉर्ड की गई थी, इसलिए इसे प्रमाणित नहीं माना जाना चाहिए। पुलिस प्रशासन पूर्व विधायक के जवाबों से पूरी तरह संतुष्ट नजर नहीं आया, जिसके बाद जांच को वैज्ञानिक दिशा देने की कवायद शुरू की गई। पुलिस ने सुरेश राठौर के सामने वॉयस सैंपल देने और नार्को टेस्ट कराने का विकल्प रखा। पूर्व विधायक ने नार्को टेस्ट के लिए अपनी लिखित सहमति दे दी है। अब पुलिस फॉरेंसिक लैब के माध्यम से आवाज के मिलान और नार्को टेस्ट की प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाएगी। सरकार और पुलिस दोनों ही इस मामले में निष्पक्ष और वैज्ञानिक जांच का भरोसा दे रहे हैं, ताकि लंबे समय से चले आ रहे इस हत्याकांड के रहस्य से पर्दा उठ सके और असल दोषियों को कानून के कठघरे में खड़ा किया जा सके।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा बंगाल में 58 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से कैसे कटे?

नई दिल्ली (एजेंसी)। मतदाता सूची में संशोधन की प्रक्रिया के तहत पश्चिम बंगाल में 58 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए हैं। इस पर राज्य की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी ने घोर आपत्ति उठाई है। टीएमसी ने इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस पर न्यायालय ने साफ कहा है कि चुनाव आयोग ने इतनी बड़ी संख्या में लोगों के नाम कैसे काट दिए। इस पर एक हफ्ते के भीतर जवाब दें। याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को कड़ी फटकार लगाई और एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पारदर्शिता की एक बड़ी चुनौती करार दिया है।

सांसद डोला सेन द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के दौरान वैध दस्तावेजों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से लाखों मतदाताओं के नाम अवैध रूप से हटा दिए गए। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने अदालत में दलील दी कि चुनाव आयोग जमीनी स्तर के अधिकारियों को व्हाट्सऐप मैसेज और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मौखिक निर्देश दे रहा है, जो पूरी तरह से असंवैधानिक और गलत है। सिब्बल ने मांग की कि मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सभी निर्देश लिखित रूप में होने चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जोयमल्या बागची की पीठ ने निर्वाचन आयोग के वकील को सख्त निर्देश दिए कि वे शनिवार तक अपना पक्ष स्पष्ट करें। मामले की गंभीरता को देखते हुए अगली सुनवाई 19 जनवरी को तय की गई है। डोला सेन ने कोर्ट से 15 जनवरी की समयसीमा को आगे बढ़ाने की भी गुहार लगाई है, जो दावों और आपत्तियों को दर्ज करने की अंतिम तारीख है। याचिका में यह भी स्पष्ट किया गया है कि पश्चिम बंगाल में 16 दिसंबर को प्रकाशित ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल में 58 लाख से अधिक नाम काट दिए गए। आरोप है कि यह कार्रवाई बिना किसी व्यक्तिगत सुनवाई या पूर्व नोटिस के की गई है, जिससे वोटर्स की कुल संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ रह गई है। याचिका में मांग की गई है कि पंचायत निवास प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर और स्थायी निवास प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों को वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने के लिए वैध माना जाए। याचिकाकर्ता को आशंका है कि दोषपूर्ण फाइनल रोल के तुरंत बाद बंगाल विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है, जिससे लाखों योग्य मतदाता अपने मताधिकार से वंचित रह जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अब आयोग से इस पूरी प्रक्रिया और विसंगतियों पर स्पष्टीकरण मांगा है।

सत्ता की पटरी पर लौटेगी कांग्रेस या दक्षिण में विस्तार करेगी बीजेपी? 2026 की सियासी अग्निपरीक्षा

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की राजनीति के लिहाज से साल 2026 बेहद अहम माना जा रहा है। यह साल जहां बीजेपी के लिए अपने राजनीतिक विस्तार और मौजूदा राज्यों में सत्ता बचाने की कसौटी बनने जा रहा, वहीं कांग्रेस के लिए दोबारा सियासी पटरी पर लौटने का बड़ा इम्तिहान होगा। इसके साथ ही वामदलों के सामने अपने आखिरी गढ़ को बचाने की चुनौती है और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के लिए भी सत्ता में बने रहना आसान नहीं होगा।

साल 2026 में पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव भी होने हैं। इन चुनावों के नतीजे न केवल राज्यों की राजनीति बल्कि राष्ट्रीय सियासी दिशा भी तय करेंगे। बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए और कांग्रेस के अगुवाई वाले इंडिया ब्लॉक–दोनों के सामने अलग-अलग लेकिन गंभीर चुनौतियां हैं। बीजेपी के सामने असम में सत्ता बरकरार रखने के साथ-साथ दक्षिण भारत में अपनी पकड़ मजबूत करने की चुनौती है। असम में लगातार तीसरी बार जीत की उम्मीद लगाए बीजेपी को इस बार कांग्रेस के मजबूत होते संगठन से कड़ी टक्कर मिल सकती है। पुडुचेरी में भी गठबंधन सरकार को दोहराना आसान नहीं माना जा रहा। वहीं केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में बीजेपी अब तक सीमित प्रभाव ही छोड़ पाई है। पश्चिम बंगाल में तमाम प्रयासों के बावजूद पार्टी अभी भी दूसरे नंबर पर है और ममता बनर्जी की मजबूत पकड़ उसके लिए बड़ी बाधा बनी हुई है।

कांग्रेस के लिए डगर है कठिन

कांग्रेस के लिए 2026 और भी कठिन माना जा रहा है। जिन पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, उनमें कांग्रेस सिर्फ तमिलनाडु में सत्ता गठबंधन का हिस्सा है। असम और केरल में उसे वापसी की उम्मीद है, लेकिन आंतरिक गुटबाजी और नेतृत्व को लेकर असमंजस उसकी राह कठिन बना रहा है। केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ और वामपंथी एलडीएफ के बीच सीधा मुकाबला होगा, जहां लेफ्ट पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में है।

वामदलों के लिए अस्तित्व की लड़ाई

वामदलों के लिए 2026 अस्तित्व की लड़ाई जैसा है। बंगाल और त्रिपुरा में सत्ता गंवाने के बाद अब केवल केरल ही उनका आखिरी मजबूत किला बचा है। यदि यहां भी हार मिली तो राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका और सिमट सकती है।

वहीं पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को सत्ता विरोधी माहौल, बीजेपी के आक्रामक अभियान और कांग्रेस-लेफ्ट की चुनौती से जूझना होगा। तमिलनाडु में डीएमके की

स्थिति मजबूत दिखती है, लेकिन सत्ता विरोधी रुझान और विपक्षी गठजोड़ उसे सतर्क रहने को मजबूर कर रहे हैं।

कुल मिलाकर 2026 का चुनावी साल हर बड़े दल के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। अब देखना यह होगा कि कौन अपनी चुनौतियों पर खरा उतरता है और किसकी सियासी गाड़ी पटरी से उतरती है।

पूर्वी दिल्ली में मिलेगा आशियाना, डीडीए टावरिंग हाइट्स स्कीम लॉन्च; 23 जनवरी से शुरू होगी बुकिंग

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली में घर खरीदने का सपना देख रहे लोगों के लिए डीडीए खास मौका लेकर आया है। डीडीए ने कड़कड़डूमा इलाके में टॉवरिंग हाइट्स स्कीम शुरू कर दी है। ये योजना पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर लागू होगी। फ्लैटों की बुकिंग 23 जनवरी से शुरू होगी। इस योजना में कुल 848 दो बीएचके फ्लैट दिए जा रहे हैं। इनमें से 741 फ्लैट आम नागरिकों के लिए हैं, जबकि 107 फ्लैट सरकारी संस्थानों के लिए अलग रखे गए हैं। सभी फ्लैट कड़कड़डूमा ईस्ट दिल्ली हब में बनाए जा रहे हैं। इनका निर्माण 90 फीसदी से ज्यादा पूरा हो चुका है। आम खरीदारों के लिए आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन होगा। जो लोग घर खरीदना चाहते हैं, वे डीडीए के आवास पोर्टल eser-vices.dda.org.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल पर पहली बार पंजीकरण कराने के लिए 2,500 रुपये शुल्क देना होगा। जो लोग पहले से पंजीकृत हैं, उन्हें दोबारा शुल्क नहीं देना पड़ेगा। हर फ्लैट के लिए 4 लाख रुपये की बुकिंग राशि तय की गई है। यह राशि वापस नहीं होगी, लेकिन फ्लैट की कुल कीमत में जोड़ दी जाएगी। डीडीए ने स्पष्ट किया है कि एक व्यक्ति सिर्फ एक श्रेणी में एक से अधिक फ्लैट भी बुक कर सकता है। सरकारी संस्थानों के लिए कड़कड़डूमा के आरएच-2 ब्लॉक में पीरपंजाल, विंध्य, शिवालिक और सतपुड़ा टावरों के 107 फ्लैट तय किए गए हैं। थोक खरीद के लिए कम से कम 10 फ्लैट लेने होंगे। केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रालय, विभाग, विश्वविद्यालय, पीएसयू और स्वायत्त संस्थान इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन डीडीए के प्रधान आयुक्त (आवास) कार्यालय में जमा कराने होंगे। भुगतान को लेकर डीडीए ने बताया कि फिलहाल फ्लैट निर्माणाधीन हैं, इसलिए कुल कीमत का केवल 75 फीसदी ही देना होगा। शेष 25 फीसदी राशि तब ली जाएगी, जब फ्लैट पूरी तरह बनकर कब्जे के लिए तैयार हो जाएंगे। डीडीए के मुताबिक जुलाई तक फ्लैट तैयार होने की संभावना है। फ्लैट की घोषित कीमत में रखरखाव शुल्क, जीएसटी, कन्वर्जन शुल्क और पानी कनेक्शन शुल्क शामिल नहीं हैं। वर्तमान में फ्लैटों पर 5 फीसदी जीएसटी लागू होगा। योजना का विस्तृत ब्रोशर 8 जनवरी को मिलेगा। उसी दिन से पंजीकरण भी शुरू होगा।

बनारस में बनेगा प्रदेश का पहला संस्कृत गांव, पहले चरण में पांच का चयन

वाराणसी। सनातन संस्कृति, वैदिक परंपरा और शास्त्रीय ज्ञान की वैश्विक धरोहर काशी अब एक बार फिर इतिहास रचने जा रही है। इसके लिए पहले चरण में प्रदेश के पहले पांच संस्कृत गांव काशी में तैयार होंगे। संस्कृत भारती काशी प्रांत की टीम ने इसके लिए सर्वे का काम भी शुरू कर दिया है। 14 जनवरी के बाद इसकी घोषणा होगी। संस्कृत भारती ने प्रदेश के पहले संस्कृत गांवों को बनाने की दिशा में सर्वे का काम शुरू कर दिया है। पांच गांवों को गोद लिया जाएगा। 14 जनवरी को बैठक के बाद पहले गांव के नाम की घोषणा की जाएगी। एक वर्ष के लिए गांव को संस्कृत भारती गोद लेकर संस्कृत गांव की तरह तैयार करेगी। चयन प्रक्रिया में उन गांवों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिनकी आबादी लगभग एक हजार है, ताकि सीमित जनसंख्या के बीच संस्कृत के प्रयोग को प्रभावी और स्थायी बनाया जा सके। संस्कृत भारती काशी प्रांत के अध्यक्ष प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने अमर उजाला से विशेष बातचीत में बताया कि काशी की आत्मा संस्कृत में ही निहित है। ऐसे में संस्कृत गांव की अवधारणा केवल प्रतीकात्मक नहीं होगी, बल्कि पूरी तरह व्यावहारिक होगी। इसे भी पढ़ें; पूजा के नाम पर ठगी' मटके में रखवाए गहने, मौका मिलते ही जेब में भरकर निकले; शक होने पर पकड़े गए दो फर्जी बाबा चयनित गांवों में दैनिक अभिवादन, सामान्य संवाद, सूचना आदान-प्रदान और सामाजिक आयोजनों में संस्कृत भाषा इस्तेमाल की जाएगी। गांवों के प्रवेश द्वार, गलियों, विद्यालयों, पंचायत भवनों और सार्वजनिक स्थलों पर संस्कृत में सूचना पट्ट लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत ग्रामीणों को सरल और बोलचाल की संस्कृत का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि भाषा बोझ न बने, बल्कि सहज संवाद का माध्यम बने। एक वर्ष तक ग्रामीणों को संस्कृत का प्रशिक्षण देने के लिए संस्कृत भारती की टीम गांव में ही प्रवास करेगी। हम चाहते हैं कि बातचीत, अभिवादन और सार्वजनिक संवाद संस्कृत में सहज रूप से हो सके। शहरी स्तर पर भी संस्कृत को व्यापक पहचान देने की तैयारी है। वाराणसी के रेलवे स्टेशनों और लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संस्कृत में घोषणाएं कराने जाने की योजना है। इसके साथ ही स्टेशन, एयरपोर्ट और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर नाम पट्ट और दिशासूचक बोर्ड संस्कृत भाषा में अंकित किए जाएंगे। बाजारों और व्यावसायिक क्षेत्रों को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा। दुकानदारों को अपनी दुकानों के नाम संस्कृत में लिखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से काशी को संस्कृत नगरी घोषित करने की मांग की जाएगी। इसका खाका तैयार कर लिया गया है और जल्द ही इसे केंद्र सरकार को भी भेजा जाएगा। काशी पहले से ही काशी हिंदू विश्वविद्यालय, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, गुरुकुलों और वैदिक पाठशालाओं के माध्यम से संस्कृत अध्ययन का प्रमुख केंद्र रही है। प्रो. द्विवेदी के मुताबिक संस्कृत विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा संस्कृत है। हर सनातनी के घर में किसी न किसी रूप में संस्कृत का उच्चारण होता है। इसके लिए संस्कृत भारती अभियान शुरू करने जा रही है कि हर सनातनी अपनी भाषा के कालम में संस्कृत को दर्ज करे। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों में डेढ़ लाख छात्र-छात्राएं संस्कृत का अध्ययन कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले पांच वर्षों में कम से कम 50 करोड़ लोग संस्कृत से जुड़ें। प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने बताया कि संस्कृत को जनभाषा बनाने के लिए काशी के संतों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों के साथ लगातार बैठक हो रही है। 14 जनवरी के बाद काशी से संस्कृत को जनभाषा बनाने का अभियान शुरू होगा। संस्कृत भारती विश्व के 18 देशों के

प्रेमी युगल ने ट्रेन के सामने लगाई छलांग

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में शनिवार को प्रेमी युगल ने ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। साथ ही उनके घरवालों को सूचना दे दी गई है। घटना तालकटोरा थाना इलाके के आलमनगर स्टेशन के पासकी है। युवक की पहचान निशातगंज के न्यू हैदराबाद निवासी सूर्यकांत (40) व युवती की पहचान अर्जुनगंज निवासी दीपाली (25) के रूप में हुई है। बताया गया कि सूर्यकांत पहले से विवाहित था, जबकि दीपाली अविवाहित थी। प्रारम्भिक जांच में पता चला कि दो दिन पहले सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दीपाली की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

NAME CHANGE

I, Ruk Soni Sharma S/o Mahesh Chand Sharma R/o 2A/63, Second Floor, Faridabad-121001, Haryana have changed my name to Aditya Sharma for all future purposes

NAME CHANGE

I, Sarvashe Sharma W/o Mahesh Chand Sharma R/o H. No. 518/519, Sector-3, Ballabhgarh, Faridabad-121004, Haryana have changed my name to Sarvesh Devi for all future purposes

गन्ने के खेत में मजदूर पर बाघ ने किया हमला

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी के दुधवा टाइगर रिजर्व के मझगईं वन रेंज के अंतर्गत आने वाले बेला कलां क्षेत्र में बाघ का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को गन्ना छीलने गए 60 वर्षीय मजदूर पर बाघ ने हमला कर दिया। किसानों के साहस और शोर-शराबे के कारण बाघ मजदूर को छो?कर जंगल की ओर भाग निकला। घायल मजदूर को गंभीर अवस्था में पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बेलाकलां निवासी वाजिद अली (60 वर्ष) गांव के ही अरुण सिंह के खेत में मजदूरी पर गन्ना छीलने गए थे। दोपहर के समय जब वह काम कर रहे थे कि तभी झाड़ियों से निकलकर आए बाघ ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। बाघ ने वाजिद की पीठ और हाथ पर अपने पंजों से गहरे घाव कर दिए। चीख-पुकार सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे अन्य मजदूर और किसान हाथों में गन्ना लेकर बाघ की ओर दौड़े और शोर मचाया। इस पर बाघ वाजिद को छो?कर गन्ने के खेत में ओझल हो गया। किसानों ने घायल के परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से घायल वाजिद अली को पलिया सीएचसी ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत फैली हुई है। किसान खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि बाघ को जल्द से जल्द पक? कर आबादी वाले क्षेत्र से दूर भेजा जाए ताकि लोग सुरक्षित होकर खेतीबाड़ी कर सकें। मझगईं रेंजर अंकित सिंह ने बताया कि क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी को देखते हुए पहले से ही पिंजरा लगाया गया है। शनिवार सुबह भी बाघ को क्षेत्र में देखा गया था। वन विभाग की टीम लगातार गश्त कर रही है। घटनास्थल का निरीक्षण कर वहां भी पिंजरा लगाया जाएगा और ग्रामीणों को समूह में निकलने की सलाह दी गई है।

NAME CHANGE

I,RAVI S/o Ratan Mehto R/o A-239, Inder Enclave-2, Suleman Nagar, Kirari, Delhi-110086, changed my name to RAVI KUMAR permanently.

NAME CHANGE

I SONIA W/O VEDPAL TANWAR R/O A-5, ASOLA FATEHPUR BERI, MEHRAULI, DELHI-110074 have changed my name to SONIA TANWAR for all future purpose.

NAME CHANGE

I VED PAL S/O KRISHAN LAL R/O A-5, ASOLA FATEHPUR BERI, MEHRAULI, DELHI-110074 have changed my name to VEDPAL TANWAR for all future purpose.

NAME CHANGE

I, Qamar Ahmed Khan S/o Mohd Ahmed R/o H.No.289, Ahata Kambal, Posh Basti Hazrat Nizamuddin, Dargah Sharif, Delhi-110013 have changed my name to Mohammad Qamar.

NAME CHANGE

I AJAY PRASAD VERMA S/O MAHAVIR IAL R/o,HANS ENCLAVE,NAHARPUR RUPA,GURGAON,122001,HARYANA,INDIA HAVE CHANGED MY NAME TO AJAY PRASAD

NAME CHANGE

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड को लेकर अपनी मंशा जगजाहिर कर चुके हैं। वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद ट्रंप लगातार ग्रीनलैंड को लेकर धमकी भरे लहजे में बयानबाजी कर रहे हैं। इस बीच एक बार फिर ट्रंप ने साफ शब्दों में कहा कि वह ऐसा होने नहीं देंगे और 'किसी भी तरह' ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा बनेगा। ट्रंप ने दो टूक बयान देते हुए कहा कि हम ग्रीनलैंड को किसी भी कीमत पर हासिल करेंगे। साथ ही उन्होंने नाटो को भी निशाने पर लिया है।

अब ग्रीनलैंड पर क्या बोले राष्ट्रपति ट्रंप : डोनाल्ड ट्रंप ने अब कहा कि अगर हम ग्रीनलैंड नहीं लेते हैं, तो रूस या चीन ग्रीनलैंड ले लेंगे। और मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। मुझे उनके (ग्रीनलैंड के साथ) एक डील करना पसंद आएगा। यह आसान है। लेकिन किसी भी तरह से, हम ग्रीनलैंड लेने वाले हैं।

ट्रंप के इस बयान ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। ग्रीनलैंड रणनीतिक रूप से बेहद अहम क्षेत्र माना जाता है, जहां प्राकृतिक संसाधनों के साथ-साथ आर्कटिक क्षेत्र में सैन्य और भू-राजनीतिक संतुलन भी जुड़ा हुआ है। इसी के साथ ट्रंप ने नाटो को लेकर भी अपनी सख्त प्रतिक्रिया दी।

नाटो पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि नाटो को बचाने वाले वही हैं। उन्होंने कहा कि मैंने सदस्य देशों को उनके रक्षा बजट पर खर्च करने के लिए मजबूर किया। पहले वे जीडीपी का सिर्फ 2 प्रतिशत भी नहीं देते थे, अब वे 5 प्रतिशत तक भुगतान कर रहे हैं। अगर मैं राष्ट्रपति नहीं होता, तो शायद आज नाटो ही नहीं होता।' ट्रंप ने यह भी सवाल उठाया कि जरूरत पड़ने पर क्या नाटो देश अमेरिका के साथ खड़े होंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने नाटो पर अरबों डॉलर खर्च किए हैं, लेकिन बदले में भरोसे की कोई गारंटी नहीं है। साथ ही उन्होंने यह संकेत भी दिया कि अगर अमेरिका नाटो से बाहर निकलता है, तो इससे नाटो को आर्थिक नुकसान होगा।

नाटो को भी दिखाया ट्रंप ने आईना : डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'मैंने ही उन्हें जीडीपी का 5.5% हिस्सा देने के लिए राजी किया। पहले यह 2 फीसदी था, और वे नहीं देते थे। अब वे 5 प्रतिशत दे रहे हैं। नाटो को बचाने वाला मैं ही हूं। अगर मैं राष्ट्रपति नहीं होता तो नाटो होता ही नहीं। हो सकता है नाटो नाराज हो जाए अगर मैं ऐसा करूं (अगर मैं अमेरिका को नाटो से बाहर निकाल लूं)। हो सकता है नाटो से बहुत सारा पैसा बच जाए। मुझे नाटो पसंद है। मैं बस सोचता हूं कि अगर हमें नाटो की जरूरत पड़ी, तो क्या वे हमारे लिए मौजूद रहेंगे? मुझे यकीन नहीं है कि वे होंगे। हमने नाटो पर बहुत पैसा खर्च किया है।'

वेनेजुएला पर डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान: खुद को कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई कर और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर पूरी दुनिया में भूचाल ला गया था। वहीं अब वेनेजुएला से जुड़ा एक पोस्ट कर नई सनसनी फैला दी है। अपने ट्रूथ सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट कर ट्रंप ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया है, उन्होंने इससे जुड़ी एक तस्वीर भी साझा की है।

खुद को 'वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति' बताया : डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने खुद को 'वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति' बताया है। ट्रुथ सोशल पर साझा की गई इस पोस्ट में वेनेजुएला में हाल के घटनाक्रमों के बाद ट्रंप को कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में दर्शाने वाली एक डिजिटल रूप से संपादित तस्वीर दिखाई गई है। यह तस्वीर ऐसे वक्त पर साझा की गई है, जब ट्रंप लगातार वेनेजुएला के तेल भंडार को लेकर तेल कंपनियों के साथ बैठक कर रहे हैं और लगातार ईरान-ग्रीनलैंड पर धमकी भरे लहजे में बयानबाजी कर रहे हैं।

अमेरिका का वेनेजुएला पर शासन! : विकिपीडिया की संपादित तस्वीर में डोनाल्ड ट्रंप को जनवरी 2026 तक वेनेजुएला के वर्तमान राष्ट्रपति के रूप में दर्शाया गया। बता दें कि वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद ट्रंप ने यह भी दावा किया कि है जब तक सुरक्षित, उचित और विवेकपूर्ण सत्ता हस्तांतरण सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक अमेरिका वेनेजुएला सरकार का 'संचालन' करेगा।

तेल कंपनियों को ट्रंप की दो टूक : बीते दिनों डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दुनिया की दिग्गज तेल-गैस कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी, जहां उन्होंने साफ कर दिया कि वेनेजुएला में निवेश अब सीधे अमेरिका के साथ होगा, ना कि वेनेजुएला सरकार के साथ। ट्रंप ने सुरक्षा की गारंटी देते हुए तेल उद्योग को बड़े निवेश के लिए खुला न्योता दिया। ट्रंप ने ये भी कहा कि अगर अमेरिका ने समय रहते कार्रवाई नहीं की होती, तो चीन या रूस वेनेजुएला में अपनी मजबूत मौजूदगी बना चुके होते।

अमेरिका वेनेजुएला में क्या करना चाहता है : अमेरिका चाहता है कि उसकी तेल कंपनियां वेनेजुएला में निवेश करें। तेल उत्पादन और बुनियादी ढांचे को दोबारा खड़ा किया जाए। वेनेजुएला के तेल की वैश्विक बिक्री पर अमेरिका की पकड़ बनी रहे। ट्रंप प्रशासन इसे आर्थिक पुनर्निर्माण का रास्ता बता रहा है।

नेपाल में चुनाव से पहले फिर राजा की वापसी की मांग क्यों?

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल में आम चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल एक बार फिर गर्म हो गया है। राजधानी काठमांडो में रविवार को राजशाही समर्थकों ने रैली निकालकर राजा की बहाली की मांग की। यह रैली जेन-जी आंदोलन के बाद अपदस्थ राजा ज्ञानेंद्र विक्रम शाही के समर्थकों की पहली बड़ी सार्वजनिक मौजूदगी मानी जा रही है। मार्च में होने वाले संसदीय चुनावों से पहले इस प्रदर्शन ने नई बहस छेड़ दी है। राजशाही समर्थकों का कहना है कि जेन-जी आंदोलन और उसके बाद बने हालात ने देश को अस्थिर कर दिया है। सितंबर में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद अंतरिम सरकार बनी और अब मार्च में चुनाव प्रस्तावित हैं। इसी बीच राजशाही समर्थक सड़कों पर उतरे और दावा किया कि मौजूदा व्यवस्था देश को स्थिरता नहीं दे पा रही है। प्रदर्शन में क्या नारे लगे? रैली में शामिल लोग हम अपने राजा से प्यार करते हैं और राजा को वापस लाओ जैसे नारे लगाते दिखे। प्रदर्शनकारी 18वीं सदी में शाह वंश की नींव रखने वाले पृथ्वी नारायण शाह की मूर्ति के आसपास एकत्र हुए। रविवार को पृथ्वी नारायण शाह की जयंती भी थी, जिसे रैली के लिए प्रतीकात्मक दिन माना गया। राजशाही समर्थक क्या दलील दे रहे हैं? प्रदर्शनकारियों का कहना है कि राजशाही ही देश के लिए आखिरी विकल्प है। जेन-जी आंदोलन के बाद हालात संभालने में सरकार नाकाम रही है। राजनीतिक अस्थिरता और अव्यवस्था बढ़ी है। राजा की वापसी से देश में एकता आएगी। गणतंत्र व्यवस्था से लोगों का भरोसा कमजोर हुआ है। भारत पहुंचे जर्मनी के चांसलरः पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात, 52 हजार करोड़ के पनडुब्बी सौदे पर लग सकती है मुहर पिछला अनुभव और सुरक्षा इंतजाम कैसे रहे? पिछले वर्षों में ऐसी रैलियों के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुई थीं और हिंसा भी देखी गई थी। इस बार हालांकि रैली शांतिपूर्ण रही। इसके बावजूद दंगा रोधी पुलिस को तैनात रखा गया और पूरे कार्यक्रम पर कड़ी नजर रखी गई। प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सतर्क दिखा। नेपाल में राजशाही कब खत्म हुई? नेपाल में 2008 में राजशाही खत्म कर देश को गणतंत्र घोषित किया गया था। अंतिम शाह राजा ज्ञानेंद्र को गद्दी छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। अब एक बार फिर राजशाही की मांग उठने से चुनावी राजनीति पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। जानकारों का मानना है कि आने वाले चुनावों में यह मुद्दा बड़ा राजनीतिक हथियार बन सकता है।

'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करे ईरान सरकार'; यूएन महासचिव गुटेरेस की सख्त अपील

जिनेवा, एजेंसी। ईरान में लगातार बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ईरानी सरकार से सख्त लेकिन संवेदनशील अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार को हालात संभालते समय अधिकतम संयम बरतना चाहिए और जनता के अभिव्यक्ति, संगठन और शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकारों का पूरी तरह सम्मान करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब बीते 15 दिनों में ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 420 लोगों की मौत की खबरें सामने आई हैं। इनमें आठ मासूम बच्चे भी शामिल हैं। यह जानकारी मानवाधिकार कार्यकर्ता इन ईरान (एचआरए) ने दी है, जिसे अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भी रिपोर्ट किया है।

अनावश्यक बल प्रयोग से बचें- गुटेरेस : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए अपने बयान में गुटेरेस ने कहा कि वे ईरान में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा और अत्यधिक बल प्रयोग की खबरों से स्तब्ध हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अनावश्यक या असमानुपातिक बल का इस्तेमाल किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि ईरान में सूचना तक पहुंच बहाल की जाए, खासकर संचार सेवाओं को फिर से शुरू किया जाए ताकि लोग सच्चाई तक पहुंच सकें।

इजरायल का समर्थन, नेतन्याहू का बयान : इस बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी ईरान की स्थिति पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस्राइल ईरान में हो रहे घटनाक्रम पर करीबी नजर बनाए हुए है और ईरानी नागरिकों की बहादुरी को पूरा विश्व देख रहा है।

कैसे शुरू हुए प्रदर्शन : गौरतलब है कि ये विरोध प्रदर्शन 28 दिसंबर को बढ़ती महंगाई और आर्थिक संकट के खिलाफ शुरू हुए थे, लेकिन जल्द ही ये देशव्यापी आंदोलन में बदल गए। कई शहरों में झड़पें,

गिरफ्तारियां और सख्त सरकारी कार्रवाई देखने को मिली। मानवाधिकार संगठनों ने लगातार मौतों की संख्या और प्रदर्शनकारियों के साथ किए जा रहे व्यवहार पर चिंता जताई है। वहीं, ईरानी सरकार का कहना है कि यह सब विदेशी हस्तक्षेप और दंगाइयों की वजह से हो रहा है।

सख्त कार्रवाई की चेतावनी : ईरान के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने चेतावनी दी है कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई में कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। उनके अनुसार, सभी आरोपियों के खिलाफ एक जैसे आरोप होंगे और सख्त सजा दी जाएगी।

मशहूर रॉकस्टार बॉब वियर का 78 की उम्र में निधन : वाशिंगटन, एजेंसी। मशहूर रॉकस्टार और अमेरिकी रॉक बैंड द ग्रेटफुल डेड के सह-संस्थापक, गायक बॉब वियर का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके परिवार ने सोशल मीडिया पर बताया कि वियर लंबे समय से कैंसर और फेफड़ों की समस्याओं से जूझ रहे थे। वह अपने अंतिम क्षण में अपनों के बीच थे। छह दशकों के अपने संगीत सफर में वियर ने अमेरिकी संगीत को एक नई पहचान दी।

इक्वाडोर के एक बीच पर इंसानी सिर लटके मिले : क्विटो , एजेंसी। पुलिस ने रविवार को बताया कि दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर के एक बीच पर रस्सियों से पांच इंसानी सिर लटके मिले, क्योंकि देश ड्रग तस्करी से जुड़ी हिंसा की लहर से जूझ रहा है। इक्वाडोर के मीडिया आउटलेट्स द्वारा पब्लिश की गई तस्वीरों में खूनी मंजर दिख रहा था। सिरों के पास प्यूर्टो लोपेज़ के छोटे मछली पकड़ने वाले बंदरगाह में मछुआरों से कथित तौर पर जबरन वसूली करने वालों के लिए एक चेतावनी का साइन लगा था। रस्सियां बीच पर लकड़ी के खंभों से बंधी थीं। एक पुलिस रिपोर्ट में इस घटना का कारण आपराधिक गिरोहों के बीच संघर्ष बताया गया है। अधिकारियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय कार्टेल से जुड़े ड्रग तस्करी नेटवर्क इस इलाके में एक्टिव हैं और उन्होंने अपनी गैर-कानूनी गतिविधियों के लिए मछुआरों और उनकी छोटी नावों का इस्तेमाल किया है। इलाके और ड्रग तस्करी के रास्तों पर कंट्रोल के लिए विवाद ने मनाबी प्रांत में हिंसक घटनाओं को जन्म दिया है, जहां प्यूर्टो लोपेज स्थित है।

यस बॉस

कामकाजी लोगों का ज्यादातर वक्त दफ्तर में गुजरता है। ऐसे में अगर उनके बॉस तुनक मिजाज हैं, तो उनका ऑफिस का जीवन हो सकता है तनाव भरा। अलग-अलग मिजाज वाले बॉस से कैसे किया जा सकता है सामना और रखा जा सकता है खुद को व ऑफिस के माहौल को फिट।

उलझे व्यक्तित्व के बॉस

ऐसे मिजाज वाले बॉस से प्रशंसा पाना पत्थर में से पानी निकालने के बराबर होता है। आप अकेले होकर कितना भी बड़ा खिताब क्यों न जीत लें पर वे उसमें से भी खामी निकालने में नहीं चूकेंगे।

क्यों होते हैं ऐसे

वे लोग जो दूसरों में दोष निकालते हैं, वे खुद में भी कमियां महसूस करते हैं। वे सोचते हैं कि उनका छोटी-छोटी बातों पर आलोचना करना अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए मददगार साबित होता है। ऐसे बॉस इस बात से चिंतित रहते हैं कि अगर वे आपकी प्रशंसा करते हैं, तो आप अपनी उन्नति से संतुष्ट हो जाते हैं और ठहर जाते हैं।

नुकसान

प्रशंसा और प्रोत्साहन के बिना कर्मचारियों का मनोबल कम हो जाता है और उनके उत्साह में कमी आ जाती है।

यूं कीजिए सामना

बॉस की ओर से प्रशंसा कभी नहीं मिलेगी, तो फिर इसकी उम्मीद छोड़ दें। किसी भी बड़े काम के बाद अपने बॉस से मीटिंग करें व कुछ सवाल पूछें जैसे कि क्या चीज सही रही इस क्षेत्र में मेरा सहयोग कैसा रहा यह आपके लिए सकारात्मक फीडबैक उत्पन्न करता है, जो कि आपको सही ढंग से काम करने में फायदा देता है।

बड़े बॉस

इस तरह के मिजाज वाले बॉस के दरवाजे पर हमेशा डू नॉट डिस्टर्ब की तख्ती लगी रहती है। वे रूखे स्वभाव के होते हैं, उन्हें चाय की पूछने के लिए भी आपको मानसिक तौर पर तैयार होना पड़ता है।

क्यों होते हैं ऐसे

उन्हें सदा अपनी खामियां उजागर होने का भय सताता है। मनोचिकित्सकों का मानना है कि वे हमेशा असमंजस में रहते हैं, यहां तक कि उन्हें अपनी उन्नति पर भी विश्वास नहीं होता।

नुकसान

इससे डरा देने वाली स्थिति बन जाती है। एक समस्या के बाद दूसरी समस्या पैदा हो जाती है।

यूं कीजिए सामना

आप अगर ऐसे बॉस के पास कोई भी समस्या लेकर जाते हैं, तो याद रखें कि उसका हल भी आप ही साथ ले जाएं, इस प्रकार के बॉस ऊपरी भावों से प्रभावित हो जाते हैं। इसलिए जब भी आप उनसे बात करें, तो केवल कॉन्सेप्ट व उसके फायदे के बारे में ही करें। विषय की गहराई तक न जाएं।

दोस्त या बॉस

बेस्ट फ्रेंड बॉस महिला कर्मचारियों पर विशेष ध्यान रखते हैं। उनका मकसद सिर्फ लोकप्रियता हासिल करना होता है, बजाय कामकाज के।

क्यों होते हैं ऐसे

ऐसे बॉस सभी कर्मचारियों को खुश रखने में माहिर होते हैं। उन्हें सभी पसंद करते हैं। वे किसी भी बात के लिए इंकार नहीं करते और न ही किसी तरह के कोई मतभेद पैदा करते हैं।

नुकसान

काम से जी चुराने वाले कर्मचारी मजे करते हैं और मेहनती कर्मचारी काम में उलझे रहते हैं।

यूं कीजिए सामना

उनके निर्णयों के लिए उन्हें ही जिम्मेदार ठहराएं। जैसे ही वे किसी बात के लिए मान जाएं, तो पहले अच्छी तरह से उनसे कहें कि मैं जो सोच रहा हूं इससे आप सहमत हैं और फिर उसे लिख लें। ऐसा करने से वे पीछे नहीं हटेंगे। फिर एक लिस्ट बनाएं, जिसमें पूरे काम का विवरण हो और ये भी नोट करें कि किस काम के लिए कौन जिम्मेदार है। अगर आप काम समय सीमा में व सही तरह से खत्म करना चाहते हैं, तो बेहतर रहेगा कि आप खुद ही सभी के पीछे पड़कर काम करवाएं, बजाए बॉस पर निर्भर रहने के।

सनकी बॉस

इनिशिएटिव व क्रिएटीविटी इस तरह के बॉस के लिए बुरे शब्द हैं। उनके पास न केवल आइडिया है, साथ ही उन्हें लागू भी कर लेंगे।

क्यों होते हैं ऐसे

साधारण तौर पर ये बॉस पूर्णतावादी होते हैं। वे चाहते हैं कि हर काम उनकी क्षमता अनुसार ही किया जाए। हर समय हताश रहने वाले ये बॉस खुद कुछ भी नहीं कर पाते।

नुकसान

जब भी आपकी रचनात्मकता को रोका जाएगा आप ऊबने लगेंगे और आपको निराशा हाथ लगेगी। अगर आपको कुछ नया सीखने का मौका नहीं मिला, तो आप आगे कैसे बढ़ेंगे।

यूं कीजिए सामना

आपको उनसे मुकाबला करना चाहिए, लेकिन भाषा पर काबू रखना जरूरी है। तुम ऐसे हो, तुमको व कभी नहीं का इस्तेमाल न करें। रिजॉल्विंग कॉनफ्लिक्ट के लेखक शेए मेकोनन कहते हैं कि अगर आप अपने बॉस से कहते हैं कि आपने मुझे कोई जिम्मेदारी नहीं दी है, तो सबसे पहले वे खुद को बचाने की कोशिश करेंगे फिर अपना स्पष्टीकरण देंगे, यह आपके लिए बेकार होगा। इसकी जगह अगर आप कहें कि मैं निर्णय लेने में शामिल होना चाहता हूं तो यह वाक्य आपकी जरूरत पर फोकस करेगा न कि बॉस के व्यवहार पर।

अपनाएं सही तरीका बालों की सफाई का

सिल्की, मुलायम, काले घने बाल मिनटों में नहीं बन जाते। उन्हें ऐसा बनाने के लिए, उनकी देखभाल के लिए पूरा समय निकालना होता है। अगर आप अपने बालों की देखभाल सही तरीके से करती हैं तो उन्हें बस कुछ ही मिनट में अपना मनचाहा स्टाइल दे सकती हैं। इसके लिए आपको ध्यान रखना है उनकी सफाई के सही तरीके पर। आजमाइए ये टिप्स -

- बालों को धोने के बाद अधिक देर तौलिए में लपेटे न रखें। अकसर लंबे बालों वाली स्त्रियां अपने बालों को धोने के बाद तौलिए से घुमाकर बालों को उसमें लपेट देती हैं। गीले बालों को संभालने का यह तरीका आपके लिए सुविधाजनक जरूर हो सकता है, लेकिन बालों के लिए खतरनाक। गीले बालों में अधिक देर तक तौलिया लपेटने से वे कमजोर हो जाते हैं और टूटते भी हैं। ऐसा करने से बचें।
- जरूरत से ज्यादा बालों को न धोएं। गर्मी में बालों का धोना रोज आवश्यक हो तो बेशक धोएं, लेकिन रोज शैंपू न लगाएं।
- बालों में सीधे शैंपू न लगाएं। थोडे से पानी में घोल कर गर्दन के पीछे पहले लगाएं, फिर ऊपर की तरफ हाथ करते हुए बालों में लगाएं।
- कंडीशनर का इस्तेमाल जब करें, तब कंघी की सहायता से पूरे बालों में उसे फैलाएं, ताकि कोई भी बाल छूटने न पाए।
- अपने बालों को ब्लो ड्राई न करें। अगर आप रात में बालों को धोती हैं, तब भी ब्लो ड्राई न करें। चाहें तो अपने तकिये पर मुलायम तौलिया रखकर सोएं।

टेबल सेटिंग

आप डायनिंग टेबल को दो तरह से सेट कर सकती हैं। एक वेस्टर्न स्टाइल दूसरा इंडियन।

वेस्टर्न स्टाइल

टेबल क्लॉथ

अगर टेबल का टॉप ग्लास या मार्बल का है, तो ढकने की जरूरत नहीं है। टेबल क्लॉथ का इस्तेमाल करना चाहती हैं तो व्हाइट या पेस्टल कलर्स का ही चयन करें। ऐसा बैकग्राउंड भोजन को एलिगेंट और सिम्पल लुक देता है।

टेबल मैट्स

टेबल क्लॉथ या मैट्स में से किसी एक का ही इस्तेमाल करना ठीक रहता है। हालांकि आजकल दोनों का ही प्रयोग किया जा रहा है ताकि टेबल क्लॉथ अनचाहे दागों से बचा रहे। टेबल के किनारे और कुर्सी के सामने मैट्स को रखें। मैट्स में समान दूरी रखें।

डिनर प्लेट्स

प्लेट को मैट के ठीक बीच में रखें जिस व्यक्ति को खाना खाना है उसके बिल्कुल सामने। टेबल के किनारे से 2.5 से.मी. की दूरी पर। बाकी के बर्तन प्लेट के अनुसार ही रखें।

कटलरी

कटलरी को कैसे सजाना है यह आपकी पसंद और आपका भोजन किस तरह का है उस पर निर्भर करता है। चाकूऔर चम्मच प्लेट के राइट साइड में रखे जाते हैं और फोक लेफ्ट में। नाइफ का तेज किनारा अंदर की ओर घुमा कर रखा जाता है। कटलरी प्लेट से 1.5 से.मी. की दूरी पर होना चाहिए और वह भी सीधी लाइन मे। डेजर्ट कैसा है उसी के मुताबिक डेजर्ट कटलरी का चयन करें। इस प्लेट के ऊपरी हिस्से में सामने की ओर रखें।

गिलास

रंगीन गिलासों का प्रयोग न करें। नाइफ से ऊपर की ओर इसका मतलब पानी का गिलास लेफ्ट साइड में।

नेपकिन्स

नेपकिन्स को प्लेट की लेफ्ट साइड में रखें चाहें तो प्लेट के ऊपर या फिर गिलास के अंदर भी रख सकती हैं।

इंडियन स्टाइल

प्लेट

हालांकि भारतीय भोजन में चपाती रसेदार सब्जी के साथ खाई जाती है इसलिए एक साइड प्लेट का होना जरूरी है। इसे डिनर प्लेट के लेफ्ट साइड में रखें। ध्यान रखें मैट पर डिनर प्लेट बीच में रहनी चाहिए। एक सीध में प्लेट्स होनी चाहिए। हाथ से खाने के कारण पानी के गिलास को प्लेट के लेफ्ट साइड में रखें।

बाउल

एक बड़ा बाउल जिसमें सब्जी होती है और छोटी कटोरियों में रायता डाला जाता है। इन्हें डिनर प्लेट के राइट साइड में रखा जाता है। भारतीय भोजन में केवल एक चम्मच, एक नाइफ और एक फोक का ही इस्तेमाल किया जाता है बजाय वेस्टर्न के। चाकू और चम्मच को प्लेट के राइट साइड में रखें और फोक को लेफ्ट पर। अगर सूप भी सर्व कर रही हैं, तो सूप बाउल को राइट साइड में रखें।

पोटैटो काठी रोल्स

सामग्री: 8 रोटी भर के लिए गेहूं का आटा, दूध, नमक स्वादानुसार, 1 टीस्पून शक्कर, चुटकीभर इलायची पाउडर।

टॉपिंग के लिए: दही, हरी धनिया.

फिलिंग के लिए: 4-5 उबले हुए आलू, 1 टीस्पून जीरा, 2 टीस्पून कद्दूकस किया हुआ अदरक, 1-2 कटी हुई हरी मिर्च, 1 कटी हुई शिमला मिर्च, 3-4 कटे हुए टमाटर, नमक व काली मिर्च पाउडर स्वादानुसार, गरम मसाला, कसूरी मेथी।

विधि: आटे में शक्कर, इलायची, नमक और दूध मिलाकर गूंध लें। आटे की लोई बना लें। पतली-पतली रोटियां बेलकर सेंक लें। फिलिंग के लिए आलू को छीलकर टुकड़ों में काट लें। फ्राइंगपैन में तेल गरम करके जीरा, हरी मिर्च और अदरक डालें। अब इसमें टमाटर, नमक और काली मिर्च मिलाएं। कटी हुई शिमला मिर्च, कसूरी मेथी, गरम मसाला, हरी धनिया और आलू के टुकड़े डालें। रोटी में उपरोक्त मिश्रण को भरकर लपेट कर रोल कर लें। दही के साथ गरमा गरम सर्व करें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे। शुभांक-2-5-7

मिथुन (का की कू घ ड छ के को हा)
सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-1-4-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-2-6-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-3-5-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-3-5-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-1-3-5

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-1-6-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

काकुरो पहेली - 1956



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 1955 का हल



लॉफिंग ज़ोन

विवाह के बाद प्रेमी ने प्रेमिका से कहा कि देखो अब हमारी शादी हो चुकी है।

तुम्हारी कुछ बातें ऐसी हैं, जो मुझे पसंद नहीं आतीं... और मैं तुम्हें वह सब बता देना चाहता हूँ। तुम चाहो तो इन्हें अपनी कमजोरियाँ समझ सकती हो।

प्रेमिका- रहने दो! मुझे अपनी सारी कमजोरियाँ मालूम हैं। आखिर उन्हीं के कारण तो मैं अच्छा पति नहीं पा सकी। इसका मुझे बेहद अफसोस है।

□ □ □

एक मोहल्ले में चल रहे कवि सम्मेलन के दौरान एक कवि मंच पर हाजिर हुआ तो नीचे बैठे श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

कवि बहुत ज्यादा उत्सुक था, उसने कहा- मेरे प्यारे श्रोताओं! अब मैं तुम्हे जो कविता आपको सुनाने जा रहा हूँ उसका शीर्षक है- पानी, आग और धुआँ।

भीड़ में से एक श्रोता चिल्लाया- अरे, तो सीधे-सीधे क्यों नहीं कहते कि हुक्का है।

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली - 1956



बायें से दायें:-

१. 'तू सामने जब आता' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
४. शाहरूख, ट्विंकल की 'आशिक हूँ मैं कातिल भी' गीतवाली फिल्म-४
७. 'आके चली बांके चली' गीत वाली संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. 'दिल चीज क्या है' गीत वाली 'उमराव जान' की नायिका-२
१२. राजेंद्र कुमार, माला की 'जिसके सपने हमें' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'मैं तुझ से मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
१५. अक्षयकुमार, रवीना की 'टिप टिप बरसा पानी' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'संभाला है मैं ने' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१७. जैकी, रति अग्निहोत्री की 'छोड़ो मुझे छोड़ो' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'हुतूतू' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-२
२३. 'ये रेशमी जुल्फे' गीत वाली राजेश, मुमताज की फिल्म-१,२
२४. मिथुन, चंकी, रितुपर्णा, सोमी अली की १९९४ की एक फिल्म-३,२
२७. 'बनाके क्यूँ बिगाड़ा रे' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
३०. जीतेंद्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीतवाली फिल्म-३
३२. 'एक लड़की जिसके होठों' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा की फिल्म-२
३३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
३४. 'तू प्यार का सागर है तेरी इक बूंद के प्यासे हम' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. 'तन्हा तन्हा दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कहना है तुमसे कहना' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
३. फिल्म 'मिलन' में मनीषा कोईराला के साथ नायक का नाम-२
५. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दिया की फिल्म-२
६. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
८. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा की फिल्म-४
९. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, वहीदा की फिल्म-३
१३. 'हसीना गोरी गोरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'खानदान' की नायिका कौन थी-३
१९. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३
२०. 'हम साथ साथ हैं' में सोनाली के पिता की भूमिका किसने की थी?-३,२
२१. 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली राजेश, सुलक्षण की फिल्म-२
२५. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की एक सस्पेंस फिल्म-२
२६. 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२८. 'गोरी जो मटके' गीत वाली फिल्म-३
२९. सनी, मीनाक्षी की 'सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीवकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की १९८१ की एक फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 1955

सूडोकु -1956

					1	4		
						5	8	
			7	2				
			2				6	7
4								3
5	8				9			
				8	5			
	7	6						
		9	3					

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -1955 का हल

7	8	9	2	3	1	6	5	4
3	2	4	6	5	9	7	8	1
6	5	1	8	4	7	2	9	3
5	1	7	3	9	8	4	6	2
4	6	8	5	1	2	9	3	7
9	3	2	4	7	6	8	1	5
1	4	6	9	2	3	5	7	8
2	9	3	7	8	5	1	4	6
8	7	5	1	6	4	3	2	9

शब्द पहेली - 1956



बाएँ से दाएँ

1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

ऊपर से नीचे

2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

शब्द पहेली - 1955 का हल



अवैध खनन को वैध दर्शाकर राजस्व हानि का मामला : एसीबी ने खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, क्रेशर मालिक व ठेकेदारों के विरुद्ध दर्ज किया केस

एजेंसी

भरतपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी भरतपुर इकाई द्वारा प्राथमिक जांच के उपरांत अवैध खनन को वैध खनन दर्शाकर सरकार को राजस्व हानि पहुंचाने के गंभीर मामले में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। एसीबी को इस आशय की शिकायत प्राप्त हुई थी कि खनिज विभाग भरतपुर के अधिकारी-कर्मचारियों, क्रेशर मालिकों एवं रॉयल्टी ठेकेदारों द्वारा बंद पड़ी खदानों के रवन्नों का दुरुपयोग कर बड़े पैमाने पर अवैध खनन कराया जा रहा है। शिकायत पर की गई जांच में एसीबी द्वारा प्रथम दृष्टया निम्न आरोपियों की संलिप्तता पाई गई–रामनिवास मंगल, तत्कालीन खनिज अभियंता, भरतपुर (वर्तमान में खनिज अभियंता, कोटा) वीरेन्द्र कुमार, खनिज कार्यदेशक द्वितीय, राजेन्द्र सिंह, तत्कालीन खनिज अभियंता, संजू सिंह, तत्कालीन सर्वेयर, भीम सिंह, तत्कालीन कार्यदेशक प्रथम, अभिषेक तंवर, लीज मालिक, जेपी एंड ब्रांस, क्रेशर मालिक, पारस इन्फ्रा, सीडीएस इन्फ्रा, बालाजी एंड कम्पनी, शुभ लाभ स्टोन क्रेशर, रॉयल्टी ठेकेदार मैसर्स देव दशरथ सहित अन्य। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने आपसी मिलीभगत से लाखों टन खनिज संपदा का अवैध खनन कर बंद खदानों के रवन्नों का दुरुपयोग करते हुए अवैध खनन को वैध दर्शाया। इस दौरान पद का दुरुपयोग कर सरकार को भारी राजस्व हानि पहुंचाई गई। प्रकरण में रिपोर्ट प्राप्त होने पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

एजेंसी

गांधीनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर विकास प्रदेश की अनिवार्य आवश्यकता है, किंतु यह पर्यावरण की कीमत पर नहीं हो सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वर्ष प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा सरकार की नीति है कि किसी भी परियोजना में अपरिहार्य स्थिति में ही वृक्षों की कटान की जाए और जितने वृक्ष कटें, उससे अधिक संख्या में पौधरोपण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना रहे। मुख्यमंत्री प्रदेश में संचालित एवं प्रस्तावित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की विभिन्न सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलावार

समीक्षा करते हुए उन्होंने एनएचएआई के स्थानीय अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के बीच बेहतर, सतत और प्रभावी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि प्रत्येक जनपद के जिलाधिकारी एनएचएआई परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा सुनिश्चित करें। जहां भी किसी स्तर पर कोई विषय लंबित हो, उसे मुख्य सचिव की सोमवारीय समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मुख्य सचिव स्वयं इन परियोजनाओं की पाक्षिक समीक्षा करें, जिससे कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो और निर्णय शीघ्रता से लिए जा सकें। भूमि अधिग्रहण से संबंधित विषयों पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीधे किसानों से संवाद स्थापित किया जाए। किसी भी स्थिति में बिचौलियों को हस्तक्षेप का अवसर न मिले, ताकि किसानों के हित सुरक्षित रहें और परियोजनाएं पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क परियोजनाएं प्रदेश के आर्थिक विकास, औद्योगिक विस्तार और आमजन की सुविधा से सीधे जुड़ी हैं। अतः सभी कार्य गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं, जिससे उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ कनेक्टिविटी के माध्यम से विकास को नई गति मिल सके।

श्रमिकों के रोजगार छीन उनके साथ अन्याय कर रही केंद्र सरकार : सिद्धारमैया

एजेंसी

कलबुर्गी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार पर श्रमिकों के रोजगार के अधिकार को छीनकर उनके साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कलबुर्गी जिला प्रशासन, जिला पंचायत कल्याण और कर्नाटक विकास बोर्ड, कलबुर्गी के संयुक्त तत्वावधान में सेडम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के जीटीटीसी केंद्रों सहित 680 करोड़ रुपये की विभिन्न विभागीय परियोजनाओं की आधारशिला रखने, उद्घाटन करने और लाभार्थियों को सुविधाएं वितरित करने के बाद यह बात कही। एमएनआरईजीए योजना पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में लागू की गई थी, लेकिन अब कानून में महात्मा गांधी का नाम बदलकर वीबीजी राम जी कर दिया गया है। ऐसा करके महात्मा गांधी की दूसरी हत्या की जा रही है। इस

योजना के तहत केंद्र सरकार को 60फीसदी अनुदान और राज्यों को 40फीसदी अनुदान देना चाहिए। हमारी पार्टी ने इसे गंभीरता से लिया है और कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि विशेष अधिवेशन बुलाया जाएगा। इस मामले पर चर्चा की जाएगी। यह अधिनियम न तो दशरथ राम के लिए है और न ही कौशल्या राम के लिए। यह नाथूराम के लिए है। उन्होंने कहा कि जबतक यह अधिनियम निरस्त नहीं हो जाता, हमारा संघर्ष नहीं रुकेगा।

काकीनाडा आग हादसे पर सीएम चंद्रबाबू नायडू सख्त, पीड़ितों को राहत और पुनर्वास के दिए निर्देश

काकीनाडा । काकीनाडा जिले के सरलंकापल्ले गांव में हुई भीषण आग की घटना को लेकर मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में आग से हुए नुकसान, राहत कार्यों और आगे की मदद को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि संक्रांति जैसे खुशी के त्योहार के दौरान यह घटना गांव के लिए एक बड़ी त्रासदी बन गई है। इस आग दुर्घटना में गांव के 38 फूस के घर पूरी तरह जलकर राख हो गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सरकार उनकी पूरी मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समय पीड़ित परिवारों के साथ खड़े होने का है और प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ काम करना चाहिए। गृह मंत्री अनीता और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अब तक दी जा रही राहत की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि तत्काल राहत के तौर पर प्रत्येक प्रभावित परिवार को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसके साथ ही, जरूरतमंद परिवारों को भोजन, कपड़े और अन्य आवश्यक सामान भी उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिन परिवारों के घर आग में पूरी तरह जल गए हैं, उन्हें सरकार की ओर से नया घर स्वीकृत किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक नए घरों का निर्माण पूरा नहीं हो जाता, तब तक पीड़ित परिवारों के लिए अस्थायी आवास की व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें रहने में कोई दिक्कत न हो। साथ ही, भोजन और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं भी लगातार उपलब्ध कराई जाएं।

शीतलहर का असर : नर्सरी से 8वीं तक अवकाश, 9 से 12वीं के स्कूल समय में बदलाव

श्रीगंगानगर। राज्य में जारी अत्यधिक शीतलहर को देखते हुए जिले की स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप श्रीगंगानगर जिले में संचालित समस्त राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। इसके तहत नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने बताया कि कड़ाके की सर्दी के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में 14 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक नर्सरी से कक्षा 8 तक अवकाश रहेगा। वहीं कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शिक्षकों तथा पूर्व निर्धारित परीक्षाओं का समय यथावत रहेगा। आदेशों की अवहेलना करने वाले राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जोधपुर को मिला देश के शौर्य को समर्पित नया प्रतीक, बना ब्रह्मोस मिसाइल सर्कल

जोधपुर। देश के शौर्य, पराक्रम और सैन्य शक्ति को समर्पित एक नया प्रतीक आज जोधपुर शहर को मिला। रातानाडा क्षेत्र में स्थित सब्जी मंडी से सेनापति भवन की ओर जाने वाला प्रमुख चौराहा, जो अब तक गुमनाम था, अब 'ब्रह्मोस मिसाइल सर्कल' के नाम से जाना जाएगा। देश के पराक्रम और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को दर्शाने के उद्देश्य से इस चौराहे पर ब्रह्मोस मिसाइल का आकर्षक और भव्य प्रारूप स्थापित किया गया है। मिसाइल का यह स्वरूप भारतीय सेना की सामरिक ताकत और आत्मनिर्भर भारत की सैन्य क्षमता का प्रतीक माना जा रहा है। इस नव विकसित चौराहे का उद्घाटन स्थानीय विधायक अतुल भंसाली और भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल द्वारा किया गया।

देश में मनाया जा रहा लोहड़ी का पर्व, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई नेताओं ने दी शुभकामनाएं

एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की सर्दी के बीच मंगलवार को देश में लोहड़ी का त्योहार मनाया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने इस मौके पर देशवासियों को बधाई दी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सभी देशवासियों को लोहड़ी की शुभकामनाएं! दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'उत्साह, उमंग व नई ऊर्जा के प्रतीक 'लोहड़ी' पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। यह पर्व सभी की सुख-समृद्धि का माध्यम बने।' केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'हर्ष और उल्लास के पावन पर्व लोहड़ी और भोगी की हार्दिक शुभकामानाएं। यह पावन पर्व सभी को खुशहाली, सुख-शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करे।'

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा, 'प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और अन्नदाताओं के परिश्रम को समर्पित पावन पर्व 'लोहड़ी' की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां, ऊर्जा और नई उमंग लेकर आए, यही कामना है।' उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लिखा,



'समस्त प्रदेशवासियों को हर्ष और उल्लास के पावन पर्व लोहड़ी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह पर्व आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, आरोग्यता और नई ऊर्जा का संचार करे, यही कामना है।' राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लिखा कि समस्त प्रदेशवासियों को खुशियों और नई उमंगों के पावन पर्व लोहड़ी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! एकता, समृद्धि, और उत्साह का संदेश देने वाला लोहड़ी का पर्व नकारात्मकता को जलाकर सकारात्मकता की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'आप सभी को लोहड़ी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। लोहड़ी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जो सह-अस्तित्व, सामूहिक उल्लास और आपसी सौहार्द की भावना को मजबूत करती है। सूर्य के उत्तरायण होने का यह शुभ संकेत और नई फसलों का आगमन हमारे अन्नदाताओं के परिश्रम और समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है।'

संत प्रेमानंद महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचे सिंगर कुमार शानू, आध्यात्मिक ज्ञान लेकर सुनाया भावुक गीत

एजेंसी

मथुरा। मशहूर गायक पद्मश्री कुमार शानू वृंदावन के श्रीहित राधा केलीकुंज आश्रम पहुंच कर संत प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे। अमेरिका से सीधे वृंदावन आए कुमार शानू ने संत प्रेमानंद के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पद्मश्री गायक कुमार शानू वृंदावन आश्रम पहुंचने पर प्रेमानंद महाराज के शिष्य ने उनका परिचय कराते हुए बताया कि वह 90 के दशक से लगातार गायन कर रहे हैं और अब तक लगभग 27 हजार से अधिक गीत गा चुके हैं। दर्शन के दौरान कुमार शानू ने कहा कि वह महाराजजी के दर्शन और आशीर्वाद के उद्देश्य से ही यहां आए हैं। इस पर संत प्रेमानंद महाराज ने कहा कि सांस अनमोल है, इसलिए भगवान के नाम का निरंतर स्मरण करते रहना चाहिए। महाराज ने कुमार शानू की लोकप्रियता पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पूर्व जन्म में उन्होंने बड़े तप किए हैं, तभी आज वे इतने लोकप्रिय हैं, लोकप्रिय होना कोई छोटी बात नहीं होती, आपने जनमानस के हृदय में स्थान बनाया है। आपकी वाणी भारतीय संगीत प्रेमियों के लिए कर्णप्रिय है, यह आपके पूर्व जन्म के पुण्य का प्रताप

है। महाराज ने उन्हें प्रेरणा देते हुए कहा कि ऐसे भजन और लोकोपकार के कार्य करें, जिससे अगला जन्म भी भारत में हो और यश बना रहे। इस पर कुमार शानू ने बताया कि उनका एक गीत उनके दिल के बेहद करीब है, जिसे कोई भी अपने प्रियजनों के लिए गा सकता है- चाहे वह भगवान हों, भाई-बहन हों या जीवनसाथी। इसके बाद उन्होंने 'जब कोई बात बिगड़ जाए, जब कोई मुश्किल पड़ जाए... तुम देना साथ मेरा' गीत गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। शानू के साथ मौजूद लोगों ने बताया कि वह विशेष रूप से अमेरिका से वृंदावन सीधे केवल महाराज के दर्शन के लिए आए हैं।

धारा 342 को समाप्त कर देने से बहुत हद तक समाप्त होगा धर्मांतरण : होसबाले

एजेंसी

रांची। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले प्रवास के दौरान रांची पहुंचे। रांची के हरमू स्थित एक बैंक्वेट हॉल में सामाजिक सद्भाव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, इसमें समाज के विभिन्न संगठन, विभिन्न जाति और समुदायों के सैकडों प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक का उद्देश्य समाज में व्याप्त समसामयिक समस्याओं पर चर्चा करना और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए सामूहिक प्रयासों पर विचार करना था।

बैठक के प्रथम सत्र में समाज के विभिन्न समूहों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में किए जा रहे सामाजिक, सांस्कृतिक और सेवा कार्यों की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने अपने कार्यों के दौरान सामने आ रही सामाजिक चुनौतियों को भी साझा किया।इनमें प्रमुख रूप से धर्मांतरण,

घुसपैठ, नशाखोरी, अशिक्षा, अंधविश्वास, परस्पर सहयोग की कमी, बाल-विवाह, लव-जिहाद जैसी गंभीर समस्याओं का उल्लेख किया गया। वहीं, द्वितीय सत्र में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय ने समाज के प्रतिनिधियों की ओर से उठाए गए प्रश्न और विषयों पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। धर्मांतरण पर उन्होंने तीन प्रमुख क्षेत्रों का उल्लेख किया। इसमें झारखंड का छोटानागपुर क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों के जनजातीय क्षेत्र और दक्षिण भारत के केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना राज्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन जनजातीय क्षेत्रों में साजिश के तौर पर चर्च से जुड़े लोगों का प्रवेश कराया गया और हिंदू धर्मगुरुओं को रोकने का प्रयास हुआ। होसबाले ने गरीबी, अशिक्षा और अंधविश्वास को उन्होंने धर्मांतरण के प्रमुख कारण बताया। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में तथाकथित 3-डी समस्या का उल्लेख किया, जिसमें धर्मांतरण, डीजे संस्कृति और शराब शामिल है।

धर्मांतरण की समस्या को कम करने के उपायों पर उन्होंने समाज में परस्पर सहयोग, छुआछूत और जातिगत भेदभाव से दूरी, ऊंच-नीच की भावना त्यागने और हिंदू समाज की जनसंख्या सुदृढ़ करने की जरूरत पर जोर दिया।

प्रयागराज में संगम पर माघ मेला के मुख्य स्नान पर्व मकर संक्रांति एवं मौनी अमावस्या को क्षेत्र में प्रतिबंधित रहेंगे वाहन

एजेंसरी

प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)। प्रयागराज के संगम (गंगा-यमुना-सरस्वती) पर विश्व प्रसिद्ध माघ मेला के मुख्य स्नान पर्व मकर संक्रांति 15 एवं मौनी अमावस्या 18 जनवरी को लेकर श्रद्धालुओं एवं वाहनों के आवागमन में परिवर्तन लागू कर दिया गया है। आज 13 जनवरी की शाम आठ बजे इसे लागू कर दिया जाएगा। माघ मेला प्रभारी पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय ने दी।

उन्होंने बताया कि माघ मेला-2026 द्वितीय एवं तृतीय मुख्य स्नान पर्व को सम्पन्न करने के लिए 13 जनवरी की शाम आठ से 19 जनवरी को समय 24 बजे तक अथवा मेला क्षेत्र की भीड़ समाप्ति तक सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में प्रशासनिक चिकित्सकीय वाहनों के अतिरिक्त सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। सम्पूर्ण मेला के परेड, झूंसी, अरैल क्षेत्रों में आने वाले श्रद्धालु स्नानार्थी सम्बन्धित परेड, झूंसी, अरैल क्षेत्रों में बनाये गये संगम स्नान घाटों पर ही स्नान करेंगे। शहर, कानपुर मार्ग, लखनऊ मार्ग से आने वाले श्रद्धालु एवं स्नानार्थी अपने वाहनों को प्लाट नंम्बर 17 पार्किंग में अपने वाहनों को पार्क कर पैदल काली मार्ग द्वारा अपर संगम मार्ग से संगम घाट, संगम हनुमान घाट व संगम रामघाट पर स्नान के जा सकेगें। स्नान के उपरान्त श्रद्धालुगण स्नानार्थी अक्षयवट मार्ग, खडंजा वापसी मार्ग होकर त्रिवेणी मार्ग द्वारा सम्बन्धित पार्किंग में पहुंच कर अपने वाहनों से गन्तव्य को वापस जा सकेगें।

उत्तर प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इकोसिस्टम को सशक्त बनाने को एमओयू साइन

एजेंसी

लखनऊ। योगी सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी टेक्नोलॉजी और इनोवेशन हब बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन डिजिटल इंडिया कारपोरेशन की स्वतंत्र इकाई इंडिया एआई मिशन और उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) लखनऊ के बीच एक एमओयू का आदान प्रदान किया गया। यह एमओयू उत्तर प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इकोसिस्टम को सशक्त करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। एमओयू प्रमुख सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, अनुराग यादव तथा इंडिया एआई मिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सिंह के बीच हुआ। इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों और विशेषज्ञों ने इसे राज्य और केंद्र सरकार के बीच मजबूत सहयोग का प्रतीक बताया। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप सरकार पिछले पौने नौ वर्षों से डिजिटल गवर्नेंस, स्टार्टअप्स, आईटी पार्क, डाटा सेंटर और उभरती तकनीकों को लगातार बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री

की एआई, मशीन लर्निंग और डाटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना प्राथमिकताओं में शामिल है। यही वजह है कि इंडिया एआई मिशन के तहत एमओयू प्रदेश के युवाओं, छात्रों और स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा। प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अनुराग यादव ने कहा कि इंडिया एआई मिशन के तहत यह पहल प्रदेश के युवाओं को भविष्य के लिए आवश्यक डिजिटल और एआई कौशल प्रदान करने में सहायक होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि योगी सरकार युवाओं के कौशल विकास, नवाचार को प्रोत्साहन देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग कर रही है। यह पहल प्रदेश को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। यूपीडेस्को की प्रबंध निदेशक नेहा जैन ने बताया कि इंडिया एआई मिशन परियोजना के क्रियान्वयन के लिए आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नोडल प्रशासकीय विभाग तथा यूपीडेस्को को राज्य की नोडल एजेंसी नामित किया गया है।

उत्तराखंड के बागेश्वर में भूकंप के झटके, घरों से बाहर निकले लोग, प्रशासन सतर्क

देहरादून। उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के बागेश्वर में आज सुबह 7:25 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई है। सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस होने लोग घरों से बाहर निकल गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, बागेश्वर में भूकंप का केंद्र था। जमीन के 10 किलोमीटर नीचे केंद्र होने के कारण लोगों को झटके महसूस हुए। भूकंप का असर बागेश्वर से 174 किलोमीटर दूर ऋषिकेश और 183 किलोमीटर दूर हरिद्वार तक महसूस किया गया। राज्य आपदा प्रधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप के बाद से स्थानीय प्रशासन को सतर्क कर दिया गया है। इससे किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। कुछ लोगों ने बताया कि झटकों के साथ गड़गड़ाहट जैसी आवाज सुनाई दी, जिससे डर और बढ़ गया। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। विशेषज्ञों के अनुसार कम तीव्रता का भूकंप आमतौर पर नुकसानदेह नहीं होता, लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में सतर्कता बरतना जरूरी है।

वीबी-जी राम जी अधिनियम ग्रामीण रोजगार को देगा नया आयाम : मनोहर लाल

एजेंसरी

रांची। झारखंड की राजधानी रांची स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने की, जबकि केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यशाला में अधिनियम को लेकर कांग्रेस एवं विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करने तथा इसकी विशेषताओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने पर मंथन किया गया। इसमें जिला स्तर पर गठित समितियों के सदस्य और जिलों की कार्यशालाओं में भाग लेने वाले वक्ता शामिल हुए। कार्यशाला और बाद में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि वीबी-जी राम जी अधिनियम-2025 ग्रामीण रोजगार को सतत विकास का साधन बनाने वाला कानून है और यह विकसित भारत-2047 के लक्ष्य के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि कमजोर प्रशासनिक व्यवस्था, भ्रष्टाचार और विकासोन्मुख दृष्टिकोण की कमी के कारण मनरेगा का

दीर्घकालिक प्रभाव कमजोर होता गया।

मनोहर लाल ने कहा कि मनरेगा में मांग आधारित काम की व्यवस्था खुली होने के कारण वित्तीय असंतुलन उत्पन्न होता था और कई बार अनावश्यक योजनाओं का सृजन करना पड़ता था, जिससे सरकारी धन और श्रम की बर्बादी होती थी। नए अधिनियम में गांव की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं की स्वीकृति का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि अब ग्रामीण कार्यों की योजना विकसित ग्राम पंचायत योजना के माध्यम से बनेगी, जिसे ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर समेकित किया जाएगा। इसके तहत वार्षिक रोजगार गारंटी को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। साथ ही मजदूरों को समय पर पारिश्रमिक भुगतान और रोजगार नहीं मिलने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता का भी प्रावधान किया गया है। मंत्री ने कहा कि योजनाओं को चार श्रेणियों– जल सुरक्षा एवं प्रबंधन, कोर ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से जुड़ी संरचनाएं और जलवायु प्रभाव आधारित योजनाएं में विभाजित किया गया है, जिससे समन्वित राष्ट्रीय विकास को गति मिलेगी।

मनोहर लाल ने दावा किया कि मोदी सरकार ने कांग्रेस सरकारों की तुलना में मनरेगा में अधिक राशि खर्च की है। महिलाओं की भागीदारी 56.74 प्रतिशत तक बढ़ाई गई, आधार सीडेड सक्रिय श्रमिकों की संख्या 76 लाख से बढ़कर 12.11 करोड़ हो गई, लेकिन डिजिटल टैगिंग के अभाव में कई राज्यों में गबन जारी रहा।

उन्होंने कहा कि झारखंड, पश्चिम बंगाल और पंजाब की ऑडिट रिपोर्ट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। नए अधिनियम में एआई आधारित निगरानी, जीपीएस ट्रैकिंग, केंद्र-राज्य संचालन समितियां, पंचायत स्तर पर निगरानी और साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण जैसे प्रावधान किए गए हैं। साथ ही राज्यों की भागीदारी 60:40 अनुपात में सुनिश्चित की गई है।

पश्चिम बंगाल के एम्स कल्याणी में निपाह वायरस के दो संदिग्ध मामले, केंद्र ने तैनात की संयुक्त प्रतिक्रिया टीम

एजेंसी

